नई दिल्ली

बुधवार, 1 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 20
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 39
न्यूून. 27


# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बर्फ में फंसे सैलानी मनाली पहुंचाए गए**

## अटल टनल से 14 घंटे कटा रहा कोकसर



शिमला। लाहौल घाटी में बर्फबारी के बाद मंगलवार को मौसम साफ रहा। घाटी में और दो जगह हिमस्खलन हुआ। कुठ बिहाल की पहाड़ी से सोमवार शाम हिमस्खलन से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से कोकसर का संपर्क 14 घंटे तक कटा रहा।

## जांच के लिए पुलिस राजस्थान झारखंड, नगालैंड, उत्तर प्रदेश हरियाणा और मप्र भी गई

# अमित शाह के फेक वीडियो केस में 16 नेता लपेटे में, सभी को समन, आठ राज्यों तक पहुंची पुलिस

**सपा के लोकसभा उम्मीदवार और राजस्थान व नगालैंड में कांग्रेस के दो नेताओं को भी फोन के साथ पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित आठ राज्यों के 16 नेताओं को तलब किया है। मामले की जांच के तहत पुलिस राजस्थान, झारखंड, नगालैंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में गई।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक लोकसभा उम्मीदवार ▶▶ शेष पेज 5 पर

***पुलिस को शक है कि कांग्रेस के आईटी सेल के किसी शख्स ने ही जानबूझकर व साजिश के तहत भाजपा को बदनाम करने व मतदाताओं को गुमराह करने के मकसद से फेक वीडियो बनाया है।***



**पांच नेताओं की आज होगी पेशी**

29 अप्रैल को आईएसएसओ ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता अस्मा तस्लीम, इंटरनेट मीडिया प्रभारी माने सतीश व इंटरनेट मीडिया कन्वेनर नवीन को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस दिया है। पांचों को हैदराबाद स्थित उनके घरों पर जाकर नोटिस दिया गया। इन्हें एक मई की सुबह 10.30 बजे द्वारका स्थित आइएफएसओ के मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। अगर ये सभी बुधवार को पूछताछ में शामिल होने दिल्ली आएंगे तब इनसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह जानने की कोशिश करेगी दिल्ली पुलिस

डीसीपी आईएफएसओ हेमंत तिवारी का कहना है कि पुलिस इनसे पूछताछ कर केवल यह जानने की कोशिश करेगी कि इन्हें फेक वीडियो किसने दिया। उस आधार पर पुलिस को फेक वीडियो बनाने वाले शख्स को पकड़ने में आसानी होगी। आईएफएसओ की एक बड़ी टीम इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म को देखकर यह पता करने की कोशिश कर रही है कि बीते 27 अप्रैल से किन-किन राज्यों में किन-किन लोगों ने अब ▶▶ शेष पेज 5 पर


### क्या कहती है सीआरपीसी की धारा 91 और 160

फेक वीडियो पोस्ट करने वाले को सीआरपीसी की धारा 91 व 160 के तहत नोटिस भेजा जा रहा है। सीआरपीसी 160 का मतलब होता है किसी केस की जांच के लिए पुलिस के पास अधिकार होता है कि वह ▶▶ शेष पेज 5 पर
















**तीसरे चरण के मतदान से पहले पीएम ने एनडीए प्रत्याशियों को लिखा पत्र**

# पीएम ने शाह समेत एनडीए के प्रत्याशियों से कहा-कांग्रेस के इरादों का करें खुलासा

**कांग्रेस और उसके सहयोगियों के विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण इरादों को बताएं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पपीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए उम्मीदवारों से कहा है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने और इसे अपने वोट बैंक को देने के कांग्रेस के इरादे के बारे में मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाएं। तीसरे चरण के उम्मीदवारों को लिखे एक व्यक्तिगत पत्र में पीएम ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण इरादे रखने का आरोप लगाया।

पीएम ने गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखा है। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, वे लोगों की मेहनत की कमाई छीनकर अपने वोट बैंक को देने पर तुले हैं। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वे विरासत टैक्स जैसे खतरनाक विचार लाएंगे। उन्हें रोकने के लिए देश को एकजुट होना होगा। हर उम्मीदवार को भेजे पत्र में पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।

**खास बातें**

- कांग्रेस के आरक्षण वाले मुद्दे को लोगों को बताएं
- कांग्रेस की नीतियां जनता के बीच फैलाएं
- उन्हें रोकने देश को एकजुट होना होगा



### शाह के कार्यों को सराहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में पीएम ने उन्हें केंद्र और पहले गुजरात में एक सफल मंत्री होने के अलावा पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ताओं में से एक बताया। पीएम ने कहा कि शाह मैंने भारत के उत्थान और समाज सेवा के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता देखी है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में शाह ने इसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के उनके सपने को साकार किया। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और संसद में ब्रिटिश काल के कानूनों की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानूनों को पारित करने में उनकी भूमिका की सराहना की। पीएम ने पार्टी के विकास के लिए दिन-रात काम करने के लिए अमित शाह की सराहना की।

### यह चुनाव सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में निर्णायक

उन्होंने कहा कि भारत भर के परिवार, विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्य, पिछले 5-6 दशकों में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 वर्षों में हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। समाज में सुधार हुआ, कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और यह चुनाव सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में निर्णायक होगा।

**विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में गति प्रदान करेगा**

मोदी ने कहा कि भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में गति प्रदान करेगा। रुझान बताते हैं कि भारत की जनता हमारे इस विजन को समर्थन दे रही है।

**मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें**

पीएम ने कहा कि यह जरूरी है कि हमारे कार्यकर्ता लोगों को बड़ी संख्या में बाहर जाने और मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बूथ जीतने पर ध्यान केंद्रित करें। प्रत्येक बूथ पर जीत से निर्वाचन क्षेत्र में सफलता मिलती है। मैं अपने कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं पार्टी उनके और अन्य लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखेगी।

**नई दिल्ली में कार्यभार संभाला**

## 26वें नौसेना प्रमुख बने वाइस एड. त्रिपाठी, पहले मां से लिया आशीर्वाद

- इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार से उन्होंने चार्ज लिया। केंद्र सरकार ने 19 अप्रैल को वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह वर्तमान में नौसेना में उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। देश के 25वें नौसेना प्रमुख के रूप में 30 नवंबर, 2021 को कार्यभार संभालने वाले एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर को सेवानिवृत्त हो गए। नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कांग्रेस ने जारी की एक और लिस्ट**

## गुरुग्राम से राज बब्बर, कांगड़ा से आनंद शर्मा को मिला टिकट



राज बब्बर आनंद शर्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस ने एक और लिस्ट की घोषणा कर दी है। पार्टी ने हरियाणा की गुरुग्राम सीट से राज बब्बर और हिमाचल के कांगड़ा से आनंद शर्मा को टिकट दिया है। यह पहला लोकसभा चुनाव है जिसमें शर्मा चुनाव लड़ेंगे।

वह अप्रैल 1984 में पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए और चार बार संसद के उच्च सदन के सदस्य रहे। वह मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे हैं और 2022 में सेवानिवृत्त होने तक राज्यसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर भी रहे हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट से भूषण पाटिल को पार्टी ने उतारा है। वहीं हिमाचल प्रदेश के ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को कांग्रेस ने राज्य की हमीरपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है और वह भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ आम चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि हरियाणा की गुरुग्राम सीट पर छठे चरण में यानी 25 मई को चुनाव होंगे। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

#### राष्ट्रपति मुर्मू आज रामलला के दर्शन करेंगी

**अयोध्या।** बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में परिवार सहित आएंगी। वह करीब चार घंटे अयोध्या में रहकर हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन कर सरयू आरती में शामिल होंगी।



राष्ट्रपति करीब चार बजे दोपहर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरने के बाद कार से हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन करेंगी।

#### यादव बने दिल्ली कांग्रेस के नए अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रहे अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। यादव पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भी हैं।



#### एक और खुदकुशी सुसाइड नोट मिला

**कोटा।** कोटा में एक और छात्र द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। बीते दो दिनों में यह खुदकुशी की दूसरी घटना है। 5 मई को एग्जाम होने वाला है, उससे पहले दो स्टूडेंट मौत को गले लगा चुके हैं। एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें लिखा है कि 'सॉरी पापा, इस बार भी मेरा सलेक्शन नहीं हो पाएगा।



**दोनों नेता भाजपा में शामिल**

## विधायक रावत, महापौर शारदा ने कांग्रेस छोड़ी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खजुराहो में वीडी शर्मा और इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना लोकसभा क्षेत्र में बड़ा खेला कर दिया। वीडी शर्मा के क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हुआ था और इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन वापस। तोमर ने भाजपा नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भरोसे में लेकर मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से 6 बार विधायक रहे रामनिवास रावत को भाजपा में ज्वॉइन कराकर खेला कर दिया। श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित एक सभा में वीडी और डॉ. यादव ने शारदा और रामनिवास को भाजपा की सदस्यता दिलाई। गौर हो कि मुरैना लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के शिवमंगल सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर




**राजनाथ ने सूरत-इंदौर की घटना पर कहा**

## हम निर्विरोध हुए तो कांग्रेस को खतरे में लगा लोकतंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले के पुनासा में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। कांग्रेस एक डूबता जहाज है, उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती है।



महात्मा गांधी ने भी कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस में उनकी बात नहीं मानी गई।

अब देश की जनता ने ही ठान लिया है कि कांग्रेस का सफाया होना चाहिए। रोटी कपड़ा और मकान, पीपली लाइव का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में महंगाई बेकाबू थी, इसी कारण फिल्में बनी थी। राजनाथ सिंह ने सूरत और इंदौर की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो करिश्मा हो गया, कांग्रेस के प्रत्याशी भाजपा ज्वॉइन कर रहे हैं। अब कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में नजर आ रहा है। इससे ▶▶ शेष पेज 5 पर

**राहुल का भाजपा पर तीखा हमला**

## यदि वे चुनाव जीत गए तो संविधान फाड़कर फेंक देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भिंड की चुनावी सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर कहा कि अगर वो चुनाव जीते तो इस किताब (संविधान को) को फाड़कर फेंक देंगे। राहुल ने संविधान के लिए कहा- ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के बाद किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है इस किताब के कारण मिला है। अब प्रधानमंत्री ने, अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वो चुनाव जीतेंगे तो वो इस किताब (संविधान को) को फाड़कर फेंक देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि ये किताब फेंक दी जाए और देश को 20-25 अरबपति चलाएं। हिंदुस्तान में पब्लिक सेक्टर बना, गरीबों को आरक्षण मिला, सेना में आपकी भर्ती होती है, पेंशन मिलती है, सारे के ▶▶ शेष पेज 5 पर



**बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी सौंपी रोहित शर्मा को**

# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 16 महीने बाद पंत की हुई वापसी

**हार्दिक पंड्या को उप-कप्तान बनाया, संजू सैमसन भी टीम में**

**गिल, रिंकू 15 में नहीं, केएल राहुल का कटा पत्ता**

टीम इंडिया में 25 मई तक बदलाव संभव

भारत को पहला मैच 5 जून को खेलना है वह ग्रुप 'ए' में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टीम में चार रिजर्व खिलाड़ी भी घोषित किए गए हैं। टीम में 16 महीने बाद ऋषभ पंत की वापसी हुई है जो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में तीन तेज गेंदबाज और चार स्पिनरों को जगह मिली ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारत टी20 विश्व कप टीम

*रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज। रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।*

**टी20 वर्ल्ड कप में भारत का ग्रुप स्टेज में शेड्यूल**

05 जून: भारत बनाम आयरलैंड
09 जून: भारत बनाम पाकिस्तान
12 जून: भारत बनाम अमेरिका
15 जून: भारत बनाम कनाडा
भारत का ग्रुप
ग्रुप ए: अमेरिका, भारत, पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड।




## खबर संक्षेप

### एम्स हॉस्टल: नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** एम्स हॉस्टल में नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए स्थानीय मोर्चरी भिजवाया गया है। मंगलवार सुबह इस घटना का पता चला। मृतका बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की छात्रा थी। पुलिस को छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें पढ़ाई और परीक्षा को लेकर तनाव की बात लिखी गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे एम्स हॉस्टल में एक लड़की द्वारा आत्महत्या के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस स्टाफ घटना स्थल पर पहुंचा। 21 साल की लड़की दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। वह मूलरूप से शेखपुरा, बिहार की रहने वाली थी और बीएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर की छात्रा थी। मौके पर क्राइम टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। अभी तक की जांच में मामला खुदकुशी का ही प्रतीत हो रहा है। लड़की के माता-पिता को भी सूचित कर दिया गया है।

### न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। राजधानी में सुबह 8.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 47 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### चाचा नेहरू अस्पताल को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को मंगलवार सुबह मिले बम की धमकी वाले ई-मेल को अफवाह घोषित कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक अस्पताल कर्मी को पूर्वाह्न 10 बजे ईमेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद 'बम डिटेक्शन टीम', बम निरोधक दस्ता, दिल्ली दमकल सेवा का एक दल और स्थानीय पुलिस तत्काल बच्चों के इस अस्पताल में पहुंची। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में तलाशी अभियान चलाया गया और धमकी को अफवाह घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार, ईमेल भेजने वाले ने एक ही ईमेल को एक ही समय पर कई संस्थानों और सरकारी निकायों को भेजने का प्रयास किया। हालांकि कुछ ईमेल आईडी गलत पाईं गयीं। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और अन्य एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अज्ञात आरोपी द्वारा किया गया शरारती कृत्य प्रतीत होता है।

### जांच एजेंसी से जवाब मांगा, अगली सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से किया सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जीवन और स्वतंत्रता को बेहद अहम करार देते हुए आम चुनाव से पहले आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखते हुए ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कई सवाल पूछे और शुक्रवार को इनका जवाब मांगा। पीठ ने राजू से कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद अहम हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने इस मामले में न्यायिक कार्यवाही शुरू करने और गिरफ्तारी की कार्रवाई के बीच की लंबी अवधि को भी चिह्नित किया और कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा आठ अधिकतम 365 दिन की सीमा प्रदान करती है। शीर्ष अदालत में केजरीवाल की याचिका पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। पीठ ने कहा कि श्रीमान राजू, हमारे कुछ सवाल हैं और हम चाहेंगे कि अपना पक्ष रखते समय इनका आप जवाब दें। पहला यह कि पीएमएलए पर इस अदालत के कई फैसलों के मद्देनजर बिना किसी न्यायिक कार्यवाही के क्या ईडी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर सकती है। पीठ ने कहा कि इस मामले में कुर्की की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं शुरू की गई है और यदि कोई इस तरह की कार्यवाही शुरू की गई है तो ईडी को यह भी दिखाना होगा कि याचिकाकर्ता (केजरीवाल) कैसे इससे संबंधित हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला दो भागों में बंटा हुआ है - पहला भाग सिसोदिया के पक्ष में था और दूसरा भाग उनके खिलाफ था। पीठ ने कहा कि आपको (राजू) हमें बताना होगा कि याचिकाकर्ता (केजरीवाल) के मामले में सिसोदिया से जुड़े फैसले का कौन सा हिस्सा निहित है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि तीसरा महत्वपूर्ण सवाल ईडी की गिरफ्तारी की शक्ति से संबंधित है क्योंकि इसी कारण से केजरीवाल ने बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाया है। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा। हाईकोर्ट ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास 'कम विकल्प' बचा था। यह मामला दिल्ली सरकार की अब निरस्त की जा चुकी आबकारी नीति (2021-22 के लिए) के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है। अदालत ने सीबीआई, ईडी और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई के साथ-साथ ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव के दौरान अनियमितता की गई ताकि लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया जा सके। जांच एजेंसियों के मुताबिक इस दौरान बिना उचित प्राधिकार की मंजूरी के लाइसेंस शुल्क को माफ या घटाया गया और लाइसेंस की अवधि का विस्तार किया गया। जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया कि लाभार्थियों ने 'गैरकानूनी' लाभ आरोपी अधिकारियों को हस्तांतारित किए और अपने लेखाजोखा में फर्जी आंकड़े दर्ज किए ताकि पूरे प्रकरण को छिपाया जा सके। सीबीआई ने सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को 'घोटाले' में कथित भूमिका के संबंध में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पूर्व उप मुख्यमंत्री को सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर धनशोधन के मामले में नौ मार्च 2023 को गिरफ्तार किया। सिसोदिया ने दिल्ली मंत्रिमंडल से 28 फरवरी 2023 को इस्तीफा दे दिया था।

### 'जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट का रुख करेंगे सिसोदिया'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मंगलवार को अधीनस्थ अदालत द्वारा आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में जमानत अर्जी खारिज किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने यह जानकारी दी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सिसोदिया की जमानत अर्जी राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी है। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित तौर पर की गई अनियमितता को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं प्रवर्तन निदेशालय ने क्रमशः भ्रष्टाचार एवं धनशोधन का मामला दर्ज किया है और सिसोदिया को आरोपी बनाया है। सिसोदिया ने इन मामलों में जमानत देने की अर्जी दी थी। विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि जमानत देने का यह सही समय नहीं है। सिसोदिया दिल्ली सरकार में आबकारी मंत्री थे और सीबीआई ने उन्हें पिछले साल 26 फरवरी को मामले में गिरफ्तार किया था। बाद में (अब रद्द हो चुकी) आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने उन्हें मार्च 2023 में गिरफ्तार किया था।

### पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां पर दंगे और हत्या के प्रयास के आरोप तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी हिस्से में 2020 के शुरुआत में हुए दंगे के मामले में कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां, कार्यकर्ता खालिद सैफी और 11 अन्य के खिलाफ औपचारिक रूप से हत्या की कोशिश सहित अन्य आरोप तय किए। इसी के साथ अब इस मामले की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है। आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश समीर बाजपेयी ने की। न्यायधीश ने रेखांकित किया कि पूर्ववर्ती अदालत ने 19 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा किसभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया जाता है जिन्होंने खुद को बेगुनाह बताया है और मुकदमे की सुनवाई की मांग की है। दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक आर सी एस भदौरिया उपस्थित हुए। यह मामला जगत पुरी पुलिस थाना क्षेत्र में 26 फरवरी 2020 को हुए सांप्रदायिक दंगे से जुड़ा है।

## हत्या केस में पैरोल जंप करने वाला क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान हत्या केस में पैरोल लेकर फरार हुये अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी अपनी पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहा था। नवजीत खत्री उर्फ टिनी (26) नरेला का रहने वाला है। 3 जनवरी 2018 को इसके खिलाफ द्वारका साउथ थाने में हत्या का केस दर्जज हुआ था।पुलिस के अनुसार अभियुक्त को घुटने में टीबी होने के कारण कोरोना महामारी के दौरान 22 मई 2021 को 90 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। लेकिन इसने आत्मसमर्पण नहीं किया और पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट द्वारा एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया गया है और उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्यवाही शुरू की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि 2 जनवरी 2018 को टिनी ने अपने दोस्तों विजय, राजू, राशि, ध्रुव और भवानी के साथ मिलकर एमटीएनएल कार्यालय, सेक्टर 1, द्वारका के सामने एक व्यक्ति और उसके दोस्त सबेह अहमद उर्फ सौरभ को बेरहमी से पीटा था। इसके बाद उन्होंने युवकों पर चाकुओं से हमला किया था। एक को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया था। आरोपी खत्री ने खुलासा किया कि विजय अवैध शराब बेचता था, जिसके चलते मृतक उससे पैसे वसूलता था। इसलिए उससे हिसाब बराबर करने के लिए उन्होंने सुनियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या की थी। सभी आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने मोबाइल, सिम और ठिकाने बदल रहा था। टीम ने आरोपियों की तलाश में दिल्ली और हरियाणा में कई जगहों पर छापेमारी की। आखिर में टीनी को ग्राम झाड़सा, सेक्टर 39, गुरुग्राम, हरियाणा से पकड़ा गया। आरोपी चौथी कक्षा तक पढ़ा है और इस वारदात से पहले द्वारका में ग्रामीण सेवा बस के ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## नगर निगम: विज्ञापन विभाग के चल रहा है इंस्पेक्टर राज, राजस्व की हो रही चोरी

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग में इन दिनों भी जमकर इंस्पेक्टर राज चल रहा है और निगम को आने वाले राजस्व की लगातार चोरी हो रही है। हरिभूमि ने पहले भी ऐसे कई मामले उजागर किए हैं, जिन पर कार्रवाई हुई है और निगम को उसके बाद राजस्व मिला है। विज्ञापन चोरी के संबंध में विभाग प्रमुख को जब मंगलवार को जानकारी दी तो विभाग प्रमुख ने कुछ ही घंटों में कार्रवाई को अंजाम दिया।

विभाग प्रमुख ने बताया कि अवैध विज्ञापन पर कार्रवाई की गई है। वहीं, घोटाला होने की बात से उन्होंने इंकार किया और कहा कि घोटाला तब होता है जब किसी गड़बड़ी के संज्ञान में आने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई ना की जाए और उसे चलते रहने दिया जाये। विज्ञापन विभाग तत्परता से अवैध विज्ञापन के खिलाफ कार्रवाई करता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि कई जोनों में ऐसी चोरी हो रही है। यह मामला केशवपुरम जोन का है जहां पर विज्ञापन विभाग ने विज्ञापन कंपनी को क्लस्टर योजना के तहत आठ स्थलों पर स्थित यूनिपोल पर एक तरफ विज्ञापन लगाने की अनुमति दी है लेकिन यह कंपनी यूनिपोल पर दोनो तरफ विज्ञापन लगा रही थी जो कि नियमों का उल्लंघन है। इस कलस्टर की मासिक लाइसेंस फीस करीब 11 लाख 28 हजार रुपए तय की गई है। वहीं, निगम सूत्रों ने बताया कि एमसीडी के लिए राजस्व अर्जित करने में आर पी सेल विभाग काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं और इसके तहत पार्किंग और विज्ञापन दोनों महत्वपूर्ण विभाग हैं। विज्ञापन विभाग प्रमुख पर अन्य कई विभागों का भी दायित्व है। जिसके चलते इंस्पेक्टर इसका फायदा उठा रहे हैं और जमकर अपना राज चला रहे हैं।




## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः नामालूम, पिता का नामः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः** लगभग 40–45 वर्ष, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 5 इंच, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** काले रंग की टी–शर्ट और स्लेटी रंग की पैन्ट पहन रखी है, का शव दिनांक **19.04.2024** को सांय 06:20 बजे एचएन 4/55 के पीछे रेलवे लाइन, वीणा एन्क्लेव, नांगलोई, दिल्ली थाना नांग्लोई, दिल्ली के क्षेत्र में पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 138A dated 19.04.2024** के तहत थाना नांग्लोई, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना नांग्लोई, दिल्ली**
**फोन नं. 011-25947225, 7065036127**

**DP/5166/OD/2024**


#### पहचान बदलकर बन गया था संत, धार्मिक स्थलों पर रहकर बिताया समय

# ऋषिकेश: तीन दिनों तक भंड़ारा बांटने के बाद गिरफ्त में आया 27 सालों से फरार हत्यारोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हत्या के मामले में 27 वर्षों से फरार चल रहे घोषित अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 1997 से फरार चल रहा था। आजकल यह अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर नाम और पता बदल संत के भेष में अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर छिपकर रह रहा था। 77 वर्षीय आरोपी टिल्लू तक पहुंचने के लिये पुलिस को ऋषिकेश में कई दिनों तक भंडारा तक बांटना पड़ा। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 4 फरवरी 1997 को तुगलकाबाद निवासी शिकायतकर्ता सुनीता ने बताया कि वह मूलरूप से एटा, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। उनके पति किशन लाल तुगलकाबाद एक्सटेंशन में सफाईकर्मी के रूप में काम करते थे। 3 फरवरी 1997 को वह नौकरी से घर लौटे ही थे कि शाम लगभग 05.15 बजे पड़ोस में ही रहने वाला रिश्तेदार रामू किशन को अपने साथ ले गया। उसका पति अक्सर उसके घर आता जाता रहता था। उस दिन किशन वापस नहीं आया। अगली सुबह उसने अपने भाई को यह बात बताई। इसके बाद किशन का साला और पत्नी रामू के घर पहुंचे। लेकिन रामू के घर पर ताला लगा हुआ था। जब उन्होंने खिड़की से देखा तो पाया कि घर के अंदर खून फैला हुआ था और चारपाई पर कपड़े में लिपटा हुआ एक शव पड़ा हुआ था। उन्होंने मौके पर पुलिस बुला ली और घर के अंदर चले गये। वहां देखा कि किशन का शव खाट पर पड़ा हुआ था। रामू के सभी परिजन और रिश्तेदार पहले ही वहां से भाग चुके थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रामू और उसके साले टिल्लू ने उसके पति की हत्या की थी। जांच के दौरान, आरोपी रामू और टिल्लू को 15 मई 1997 को भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। हाल ही में हेड कांस्टेबल अमरीश कुमार को टिल्लू के बारे में पता चला।



### बार बार बदली जा रही थी मोबाइल की लोकेशन

तकनीकी विश्लेषण के बाद, एक मोबाइल नंबर पर शक की सुई टिकी। लेकिन मोबाइल की लोकेशन बार बार बदली जा रही थी। साथ ही अधिकांश समय मोबाइल फोन बंद भी रहता था। पता चला कि उपरोक्त मोबाइल नंबर का उपयोगकर्ता ज्यादातर हरिद्वार और ऋषिकेश में धार्मिक स्थानों के आसपास मौजूद था। यह भी पता चला कि उपरोक्त संदिग्ध व्यक्ति एक संत बन गया था और देश भर में मंदिरों में जाता था। वह विभिन्न धर्मशालाओं में रहता था। 2023 में उसका मूवमेंट कन्याकुमारी में था। लेकिन ओडिशा के जगननाथपुरी में चले जाने के कारण उसका पता नहीं लगाया जा सका। हेड कांस्टेबल अमरीश कुमार के प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने आए और आरोपी को ऋषिकेश, उत्तराखंड में पाया गया। पुलिस टीम ने पाया कि आरोपी अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल बहुत कम करता था और उसकी तस्वीर भी 1997 के बाद से पुलिस रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है। टीम ने उसके अंतिम स्थान के पास उत्तराखंड के ऋषिकेश में रेकी की और स्वेच्छा से आसपास के मंदिरों में 'भंडारा' वितरक के रूप में काम किया। 3 दिनों तक लगातार स्वयंसेवकों के रूप में काम करने के बाद टीम ने घाट नंबर 3, गीता भवन, ऋषिकेश के पास घोषित अपराधी टिल्लू को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान, 77 वर्षीय आरोपी ने खुलासा किया कि उसकी पत्नी की बेटी के जन्म के बाद 1994 में मृत्यु हो गई थी। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद वह अपनी बेटी के साथ अपनी बहन के घर दिल्ली चला गया। उसकी बहन और जीजा अपने परिवार के लिए एक नया घर खरीदना चाहते थे लेकिन उनका मृतक किशन लाल के साथ कुछ विवाद था। 3 अप्रैल 1997 को रामू ने उनके बीच पैसों के विवाद पर बात करने के लिए किशन लाल को अपने घर पर बुलाया। बातचीत के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि किशन लाल ने उसे और रामू को परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस पर वे उत्तेजित हो गये और आपस में झगड़ने लगे, जिसमें किशन लाल की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ कानपुर भाग गए थे। उन्होंने अपनी पहचान भी बदल ली। उसने रामदास निवासी बदायूं, यूपी के नाम से आधार कार्ड बनवाया। जांच एजेंसी से बचने के लिए उसने खुद को संत का भेष बनाकर देश भर के धार्मिक स्थलों पर घूमना शुरू कर दिया।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो बदमाश नूंह से दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस की टीम ने नूंह में एक एनकाउंटर के बाद लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाशों को धर दबोचा। दोनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम विशाल उर्फ कालू और रवि उर्फ मोटा बताये गये हैं। इनके पास से हथियार भी बरामद हुये हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों क्रिकेट बुकी सचिन माजरा के मर्डर के मामले में भी वांटेड थे। यह भी पता चला है कि अमेरिका से वर्चुअल नंबर के जरिए रोहित गोदारा ने बड़ी वारदात को अंजाम देने का काम इन्हें सौंपा था। इससे पहले रोहतक में विशाल उर्फ कालू ढाबे पर एक सनसनीखेज हत्याकांड को भी अंजाम दे चुके हैं। उसमें मां के सामने उसकी बेटी की हत्या कर दी गई थी। दोनों बदमाशों से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विशाल को बड़े ऑपरेशन का जिम्मा रोहित गोदारा ने सौंप रखा था। जिसके लिए वह फरार हो जाने के बाद भी विशाल के संपर्क में था। इन दोनो के बारे में जानकारी मिलने के बाद स्पेशल सेल की टीम नूंह इलाके में पहुंची थी। हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की मदद के साथ-साथ सदर थाना पुलिस भी ऑपरेशन में शामिल की गई। इसके बाद दोनों बदमाशों को घायल हालत में पकड़ने के बाद नल्लहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। खबर लिखे जाने तक स्पेशल सेल से जुड़े अधिकारियों द्वारा मीडिया से जानकारी साझा नहीं की गई थी।

### हौजखास: यात्री के सवा लाख लेकर फरार होने वाला कैब ड्राइवर धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की हौज खास पुलिस ने एक कैब ड्राइवर को अरेस्ट किया है। इस पर यात्री के सवा लाख रुपए लेकर फरार होने का आरोप था। आरोपी का नाम सुजीत मिश्रा बताया गया है। वह प्रयागराज, यूपी का रहने वाला है। इसके पास से पांच हजार रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले शख्स ने मामले की शिकायत दर्ज करायी थी। उसने बताया कि पांच अप्रैल को घर जाने के लिये एक कैब बुक की थी। लेकिन कैब ड्राइवर उसकी यात्रा साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2 पर खत्म कर उनका हैंड बैग लेकर फरार हो गया। बैग में सवा लाख रुपये थे। उससे कई बार संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। पीड़ित की शिकायत पर नौ अप्रैल को हौजखास थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कैब ड्राइवर का मोबाइल बंद मिला। बाद में लोकल और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से कापसहेड़ा और द्वारका में रेड कर उसे पकड़ा गया। आरोपी ने कैब को द्वारका कार हब में पार्क कर दिया था। इसके पास से पांच हजार रुपए, चश्मे का बॉक्स और एडवांस वाउचर बरामद किया गया है। अब ड्राइवर से पूछताछ कर बाकी रकम की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।


**फॉर्म–जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**फीडबैक एनर्जी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
मेघालय और त्रिपुरा में विद्युत वितरण क्षेत्र में संचालित
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **फीडबैक एनर्जी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**<br>सीआईएनः U40300DL2012PLC244113<br>पैनः AACCF0799E |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 311, तीसरी मंजिल, वर्धमान प्लाजा, पॉकेट 7, प्लॉट नं. 6, सेक्टर 12, द्वारका, नई दिल्ली, भारत, 110078 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | 1. https://insolvencyandbankruptcy.in/feedback-energy-distribution- company-limited/<br>2. fedco.co.in |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | त्रिपुरा, मेघालय, उड़ीसा, इत्यादि |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | कंपनी ने त्रिपुरा राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और मेघालय राज्य वितरण कंपनी लिमिटेड के साथ वितरण फ्रेंचाइजी समझौता निष्पादित किया है और वर्तमान में त्रिपुरा में 119817 और मेघालय में 75511 के मौजूदा ग्राहक हैं। कॉर्पोरेट देनदार ने एनटीपीसी और अन्य संस्थाओं के साथ कई ईपीसी अनुबंध किए हैं, जिनमें से अधिकांश बंद हो चुके हैं और कुछ बंद होने के करीब हैं। |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | कार्पोरेट देनदार ने त्रिपुरा राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और मेघालय राज्य वितरण कंपनी लिमिटेड के साथ वितरण फ्रेंचाइजी समझौता निष्पादित किया। वित्त वर्ष 22-23 हेतु लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार परिचालन से रेवेन्यू रु. 13,847.10 लाख था। |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | 832 |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित, अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:- | ईमेल- feedbackenergy.ibc@gmail.com या https://insolvencyandbankruptcy.in/feedback-energy-distribution-company-limited/ या https://ibbi.gov.in/en/claims/inner-process/U40300DL2012PLC244113 |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | https://insolvencyandbankruptcy.in/feedback-energy-distribution-company-limited/<br>या ईमेल - feedbackenergy.ibc@gmail.com |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 22-05-2024 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 28-05-2024 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02-06-2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 09-06-2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 14-06-2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.07.2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | feedbackenergy.ibc@gmail.com |

हस्ता/–
**सीए अंकित गोयल**
फीडबैक एनर्जी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के समाधान पेशेवर
रजि. नं. IBBI/IPA-001/IP-P-02671/2022-2023/14088
ई-10ए, कैलाश कॉलोनी, साउथ,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, 110048
ई-मेलः feedbackenergy.ibc@gmail.com

दिनांक 30.04.2024
स्थानः नई दिल्ली

## लोकसभा चुनाव के लिए समर्थकों के साथ चुनाव कार्यालय पहुंचे प्रत्याशी

# भाजपा व इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र

## नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज ने भरा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने मंगलवार को नई दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज का नामांकन कराया। रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नामांकन जमा करने से पहले पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से हवन में पूर्ण आहुति डाली गई। हवन के बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, दिल्ली प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, हरियाणा के पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा सहित जोश व उत्साह के साथ लोगों के नारों के बीच बांसुरी स्वराज ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उनके समर्थन में रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल में बंद आप के नेताओं पर कौन भरोसा करेगा, जो कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को खत्म करने के लिए राजनीति में आए और पार्टी बनाई, लोगों ने विश्वास किया था। दिल्ली और देश की जनता दिल्ली की भ्रष्ट सरकार पर कैसे विश्वास करेगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश अनवरत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।



### मतदाताओं को अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा

दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को नई दिल्ली से ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा है। देश की जनता के साथ दिल्ली के लोग भी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनमत के साथ मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। दिल्ली प्रदेश की सातों सीटों पर भाजपा बड़े बहुमत के साथ जीत रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के भ्रष्ट गठबंधन को सिरे से नकार दिया है।

### देश की जनता को गुमराह करने पर लगा हुआ इंडी गठबंधन

दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने कहा कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव में अपनी संभावित हार देखकर बुरी तरह बोखलाया हुआ है और देश की जनता को गुमराह करने पर लगा हुआ है। इंडी गठबंधन द्वारा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी अफवाह फैलाई जा रही हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी अफवाह फैलाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है। हमारा संकल्प पत्र और पार्टी की नीति है कि सबका साथ - सबका विकास और सबका विश्वास। भाजपा देश को धर्म और जाति के आधार पर बांटने वालों के मंसूबे पूरे नहीं होने देगी।

### मैं विकसित भारत के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हूं : स्वराज

नई दिल्ली। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने कहा कि मैं लोगों के बीच समर्थन देखकर अभिभूत हूं और विकसित भारत के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हूं और पीएम मोदी की हर गारंटी को हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। स्वराज ने कहा कि वह लोगों से मिल रहे आशीर्वाद से अभिभूत हैं। वह भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिल रहे भारी समर्थन से अभिभूत हैं।

## दक्षिणी दिल्ली से सहीराम पहलवान ने इंडिया गठबंधन से दाखिल किया पहला नामांकन

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन की ओर से मंगलवार को दिल्ली में पहला नामांकन पत्र दाखिल हुआ। आम आदमी पार्टी (आप) से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने गाजे-बाजे के साथ दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। सुबह करीब 9 उन्होंने पैतृक गांव तेहखंड स्थित मंदिर जाकर मां दुर्गा और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वहां से कालकाजी, रविदास मंदिर होते हुए मेहरौली तक 8 किलोमीटर की आशीर्वाद यात्रा कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। आशीर्वाद यात्रा के दौरान कई जगहों पर उनका भव्य स्वागत भी हुआ। इस दौरान उनके साथ आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार सहीराम पहलवान ने कहा कि जिसने अपने क्षेत्र और समाज के लिए काम किया है, जनता उसके साथ जाएगी। इस बार के चुनावी नतीजे पिछली बार से उलट होंगे और बीजेपी आखिरी पायदान पर खड़ी होगी। सीएम अरविंद केजरीवाल की कमीं पूरे देश में है, उनकी कमीं को आसानी से पूरी नहीं किया जा सकता, लेकिन उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल जहां तक संभव है, उनकी कमीं को पूरा करने की कोशिश कर रही हैं। आज दिल्ली के लोग भाजपा के 10 साल के कुशासन के खिलाफ खड़े हैं और अरविंद केजरीवाल के 9 साल के विकास के साथ खड़े हैं। दिल्ली लड़ेगी, इंडिया जीतेगी।



### इस बार सातों सीटें इंडिया गठबंधन के पास आएंगी : आतिशी

आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि जो दिल्लीवालों के बेटे, उनके भाई अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में गिरफ्तार कर जेल में डाला है, दिल्ली की जनता उसको जवाब देने वाली है। इस बार दिल्ली की जनता सात में से एक भी सीट भाजपा को नहीं देगी और सातों सीटें इंडिया गठबंधन के पास आएंगी। दिल्ली की जनता एक सुर में चीखकर कह रही है कि जेल का जवाब वोट से देंगे। भाजपा को पता है कि वो दिल्ली में सातों सीटें हार रही है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सड़कों से खड़ा किया है। लेकिन भाजपा ने सोचा था कि वो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेगी तो आम आदमी पार्टी प्रचार नहीं कर पाएगी।

### जनता की बीजेपी से सारी उम्मीदें हो चुकी हैं खत्म : सौरभ

आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव 2019 और 2014 से अलग है। 2019 और 14 में लोगों को बीजेपी से बहुत उम्मीदें थीं कि वो कुछ करके दिखाएगी। आज वो सारी उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं। आज लोगों को डर है कि देश में प्रजातंत्र और चुनाव बचेगा या नहीं बचेगा। देश में संविधान और आरक्षण बचेगा या नहीं बचेगा। इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली से आम आदमी पार्टी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने तुगलकाबाद में 10 साल तक विधायक के रूप में सेवा की है और उससे पहले पार्षद रहे हैं। लोगों को उनका ट्रैक रिकॉर्ड पता है। इसलिए इंडिया गठबंधन इस बार दिल्ली में सातों सीटों पर बहुत मजबूती से लड़ रहा है।

### सिर पर 'आप' की टोपी, हाथ में झाड़ू लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम की आशीर्वाद यात्रा तेहखंड से निकली और कालकाजी से रविदास मार्ग होकर मेहरौली बदरपुर मे समाप्त हुई। इस यात्रा में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी थे। सहीराम पहलवान अपने हाथ में "आप" का चुनाव चिन्ह झाड़ू लिए थे और लोगों से झाड़ू पर वोट करने की अपील करते हुए आगे बढ़ रहे थे। आशीर्वाद यात्रा में बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता पार्टी की टोपी और चुनाव चिन्ह झाड़ू लेकर शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिसने अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है, दिल्ली वाले उसको वोट से जवाब देंगे।

## दो दिन में तीस नामांकन पत्र हुए दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मंगलवार तक तीस (30) नामांकन प्राप्त हुए। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयोग कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को 15 और मंगलवार को 15 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। आयोग को मंगलवार को चांदनी चौक क्षेत्र के लिए तीन, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए तीन, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए एक, नई दिल्ली क्षेत्र के लिए चार, उत्तर पश्चिम दिल्ली-एससी क्षेत्र के लिए एक, पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र के लिए दो, और दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, सोमवार को भी 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए। बता दें कि लोकसभा चुनाव-2024 के छठे चरण के लिए 29 अप्रैल 2024 को ईसीआई द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से दिल्ली में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है और यह 6 मई 2024 तक जारी रहेगी।

## तीन मई को पर्चा भरेंगे रामवीर सिंह बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी 3 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा उपस्थित रहेंगे। बिधूड़ी साकेत डीएम ऑफिस में नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन रैली 555, लाडो सराय के चुनाव कार्यालय से सुबह 9 बजे आरंभ होगी और उसके बाद यह रैली महरौली-बदरपुर रोड पर स्थित साकेत के डीएम ऑफिस यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर तक जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस रैली में शामिल होंगे।

## उत्तर पूर्वी दिल्ली भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी आज करेंगे नामांकन पत्र दाखिल



उत्तर पूर्वी दिल्ली भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा चुनाव प्रभारी दिल्ली प्रदेश ओमप्रकाश धनखड़ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित कई प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेताओं की गरिमामय उपस्थिति में उत्तर पूर्वी दिल्ली भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी, यमुना विहार मुख्य चुनाव कार्यालय से अपनी नामांकन यात्रा शुरू करेंगे।

## कोर्ट ने पुलिस को ट्रांसजेंडर उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करने के लिए सुरक्षा मुहैया कराने को कहा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के वास्ते ट्रांसजेंडर समुदाय के एक व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश देते हुए कहा कि संविधान के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को दिए अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें लागू करना राज्य का कर्तव्य है। याचिकाकर्ता राजन सिंह राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के समर्थन से दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बदरपुर में उनके कार्यालय में इस महीने की शुरुआत में 'जानलेवा हमला' किया गया और उन्होंने अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा तथा उचित सुरक्षा के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदिरत्ता ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के लिए भी समानता सुनिश्चित करता है और यौन रुझान या लैंगिक पहचान के आधार पर कोई भी भेदभाव इस प्रावधान का उल्लंघन करता है। अदालत ने 29 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 14 चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सहित राज्य की गतिविधि के सभी क्षेत्रों में कानूनों की समान सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यौन रुझान या लैंगिक पहचान के आधार पर कोई भेदभाव कानून के समक्ष समानता और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। संविधान के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को दिए अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें लागू करने की जिम्मेदारी राज्य की है।

## चुनाव आयोग से मिले आप नेता, भाजपा के खिलाफ कार्यवाही मांग

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के थीम सॉन्ग के कंटेंट को लेकर की गई आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही, भाजपा द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल समेत विपक्षी दलों के नेताओं की दिल्ली के अंदर लगाई गई आपत्ति जनक होर्डिंग्स की शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। आप ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल की आपत्तिजनक होर्डिंग्स लगाने पर भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं है, जबकि आप ने लगभग एक माह पहले शिकायत की थी। चुनाव आयोग यह भी नहीं बता रहा है कि वो कब तक कार्रवाई करेगा? आयोग का कहना है कि जब उसका मन करेगा, तब कार्रवाई करेगा। आयोग के इस बर्ताव से हम सभी हैरान हैं। प्रतिनिधि मंडल ने आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज व आतिशी, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता और वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे शामिल थे। चुनाव आयोग से मिलने के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से कहा पूरी दिल्ली में करीब एक महीना से भारतीय जनता पार्टी द्वारा कई आपत्तिजनक भद्दे होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इन होर्डिंग्स में विपक्ष के नेताओं, खासकर अरविंद केजरीवाल को चित्र के जरिए आपत्तिजनक तरीके से दिखाया गया है। हमने इस संबंध में एक माह पहले ही आयोग से शिकायत की थी।

## पुरानी दिल्ली में ट्रैफिक सबसे विकट समस्या का हल करना ही मेरी प्राथमिकता : जेपी अग्रवाल



नई दिल्ली। चुनाव जीतने के बाद पुरानी दिल्ली क्षेत्र में लोगों, व्यापारियों ट्रेडर्स और बाहर से आने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाना ही मेरी प्राथमिकता होगी। इसके लिए हमने एक योजना भी तैयार की है जिस पर तेजी से अमल किया जाएगा इसमें विभिन्न जगहों पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाना प्रमुख है। चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जय प्रकाश अग्रवाल ने यह बात मंगलवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के बल्लीमारान विधानसभा अंतर्गत रामनगर इलाके में हुई पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कही। दिल्ली की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे पूर्व विधायक हारून यूसुफ की ओर से यह बैठक बुलाई गई जिसमें बल्लीमारान विधानसभा के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्रीय समाजसेवी एंव प्रमुख लोग शामिल हुए।

## पंजाबी स्कूलों के 158 बच्चों के जेईई मेन्स परीक्षा पास करने पर केजरीवाल ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सरकारी स्कूलों में पहली बार 158 बच्चों को जेईई मेन्स की परीक्षा पास करने पर बधाई दी है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के बाद पंजाब में शिक्षा क्रांति की शुरूआत हुई है और उसका यह पहला रिजल्ट है। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि यही शिक्षा क्रांति हमारे सपनों में थी और अब हमारा सपना सच होने लगा है। मंगलवार को तिहाड़ में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने यह जानकारी साझा की। साथ ही, अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान के जरिए दिल्ली और देश की जनता को संदेश भेजकर कहा है कि यह चुनाव जीतने-हारने का नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। इसलिए देशवासी अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करने जरूर जाएं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को तिहाड़ जेल में आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच सबसे पहले परिवार के बारे में बातचीत हुई।

## मान ने तिहाड़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कहा, ठीक है केजरीवाल का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात की और बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने उन्हें लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रत्याशियों के लिए सक्रियता से प्रचार करने को कहा है। मान ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक है, वह इंसुलिन ले रहे हैं और नियमित रूप से जांच करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से उनकी चिंता न करने और चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा है। यह पिछले एक पखवाड़े में केजरीवाल के साथ जेल में मान की दूसरी मुलाकात है। मान ने बताया कि वह केजरीवाल से उसी तरह मिले, जैसे पहली बार मिले थे। मान ने कहा कि हमारे बीच लोहे की जाली थी। यह उनकी नफरत की पराकाष्ठा हो सकती है। अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा कि मैं लोगों से कहूं कि वे उनकी चिंता न करें और मतदान करें। कृपया लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करें। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केजरीवाल को बताया कि उन्होंने (मान ने) हाल ही में भरूच और भावनगर में पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के लिए गुजरात का दौरा किया था। मान ने कहा कि जनता से अपार समर्थन मिला। पूरा देश कह रहा है कि केजरीवाल के साथ जो कुछ भी हुआ, वह गलत है। मैं असम भी गया था। उन्होंने (केजरीवाल ने) मुझसे दिल्ली आने और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और जहां भी मैं गया वहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव जीत या हार का नहीं हैं। यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उनकी बेटी का हालचाल भी पूछा। मान के अनुसार हमने एक-दूसरे के परिवारों के बारे में भी बात की। उन्होंने मेरी बेटी नियामत के बारे में पूछा, जो अब एक महीने की हो गई है। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में एक अप्रैल से न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं।

### लवली के इस्तीफा देने के बाद की गई नियुक्ति

# देवेंद्र यादव दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने गत 28 अप्रैल को पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह आम आदमी पार्टी (आप) से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को शनिवार को भेजे अपने इस्तीफे में लवली ने कहा था कि वह अपने आप को 'लाचार' महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया 'एकपक्षीय तरीके से' रोक लगा देते थे। लवली ने कहा था कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई 'आप' के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने फिर भी उनके साथ गठबंधन किया। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किया गया था।



## पूर्व आईपीएस अधिकारी गुरिंदर ढिल्लों कांग्रेस में हुए शामिल

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी गुरिंदर सिंह ढिल्लों मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले ढिल्लों का कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने पार्टी में स्वागत किया। यादव ने कहा कि ढिल्लों कांग्रेस और राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़े हैं। ढिल्लों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह राहुल गांधी से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एक पुलिस अधिकारी के रूप में लगभग दो दशकों तक अपने राज्य पंजाब की सेवा की है... मैं राहुल गांधी से अपनी ड्यूटी के दौरान दो बार मिला। पहली बार मुलाकात भारत जोड़ो यात्रा के समय हुई और दूसरी बार उस वक्त मिला जब वह सेवा के लिए स्वर्ण मंदिर गए थे। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह पूरे समर्पण के साथ उसका निर्वहन करेंगे। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी ढिल्लों ने तीन दशक से अधिक समय की सेवा के बाद पिछले दिनों स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। सेवा से विदा लेने के समय ढिल्लों पंजाब पुलिस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के रूप में कार्यरत थे।

## केंद्र को कोविशील्ड के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिएः भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है। ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि इसका कोविड टीका रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, लेकिन इनके बीच कोई संबंध होने की जानकारी नहीं है। ब्रिटेन के एक अखबार ने अदालती दस्तावेज के हवाले से यह दावा किया है। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, 51 वादियों द्वारा एक सामूहिक कार्रवाई के अनुरोध पर फरवरी में लंदन स्थित उच्च न्यायालय में एक कानूनी दस्तावेज सौंपा गया था। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका बहुत दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या को घटा सकता है। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में कोविशील्ड नाम से जाना जाता है। कोविशील्ड टीके से शरीर में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बात करते हुए भारद्वाज ने कहा कि सरकार को टीके के कथित दुष्प्रभाव से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को यह टीका लगाया गया है। उन्होंने कहा कि हमने हाल में सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे हैं जिनमें लोगों को कामकाज करने के तुरंत बाद गिरते और फौरन मौत होते देखा जा सकता है, जो महामारी से पहले नहीं होता था।

## खबर संक्षेप

### धू-धूकर जली निगम की रोड स्वीपिंग मशीन

**गुरुग्राम।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर बीती देर शाम मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन में



अचानक आग लग गई। मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन नगर निगम की थी। जो सड़कों पर रात को साफ सफाई के काम में लाई जाती थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू

**फरीदाबाद।** रेफर मुक्त फरीदाबाद ट्रॉमा सेंटर की मांग को लेकर बीके चौक समाजसेवियों ने धरना दिया।



धरने का संचालन सेवा वाहन के संस्थापक सतीश चोपड़ा व धरने की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता अनशनकारी बाबा रामकेवल ने की। धरने में सोनू सैलूजा, राजेश शर्मा, आरटीआई एक्टिविस्ट अजय, राकेश रक्कू, नरेश शर्मा धरना प्रदर्शन कर रहे।

### एफबी पेज हैक कर कारोबारी को लगाई चपत

**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में जालसाज द्वारा फेसबुक पेज हैक करके एक कारोबारी को चपत




लगाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ज्योति पार्क के नवीन यादव ने कहा कि उसकी हर्ष यादव मेकओवर एकेडमी है। एकेडमी का फेसबुक पेज भी है।

### 2 वाहन चोर गिरफ्तार 4 बाइक भी बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव की टीम ने चोरी के मामले में दो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4



बाइक बरामद की है। आरोपियों में विवेक तथा रोहित का नाम शामिल है । क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को वाहन चोरी के मामले में 24 अप्रैल को काबू किया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने इस महीने फरीदाबाद से चार मोटरसाइकिल चोरी की थी।

### 20 पेटी अंग्रेजी शराब ले जा रहे आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव के चलते एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश की टीम ने एक



आरोपी को अवैध शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राहुल है । पुलिस टीम ने नाका लगाकर पिकअप गाड़ी को रोककर चेक किया तो 20 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। इसमें से 10 पेटी रॉयल गोल्ड लेबल, 5 पेटी जैक डेनियल शामिल थी।

# पुलिस ने मतदान जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर एसीपी बड़खल वीरेंद्र सिंह तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया।

इस फ्लैग मार्च में एनआईटी एरिया के सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी आईटीबीपी के पुलिस कर्मियों के साथ भारी संख्या में मौजूद रहे। फ्लैग मार्च थाना धोज से चलकर मोहबताबाद, पावटा, पाखल, वापिस थाना धोज, आलमपुर, सिरोही, जकोपुर, फिरोजपुर कलां, सिकरौना, भनकपुर, खंदावली, कैली गांव, झाड़सेतली पुल से यूटर्न लेकर जाजरू, शाहपुर, सीकरी थाना सेक्टर 58 पर समापन हुआ।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर एसीपी बड़खल वीरेंद्र सिंह तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया।

मताधिकार का बढ़-चढ़कर उपयोग करने का आह्वान किया



### शांति व्यवस्था कायम रखने सहयोग की अपील

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाला और लोगों के साथ संवाद करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप अपने मत अधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग कर अपने मन सरकार को चुने। चुनाव में मताधिकार से देश व राज्य में सरकारें बनती हैं, जो देश से लेकर स्थानीय विकास के लिए कार्य करती है।

फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को जागरूक किया गया और कहा गया कि चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का भरपूर सहयोग करें। साथ ही चुनाव के दौरान नशा तस्करों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के नशा तस्करी या अन्य अपराध की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस तरह आम लोग पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद कर सकते हैं ।

लोगों को प्रेरित करते हुए फ्लैग मार्च थाना धोज से चलकर मोहबताबाद, पावटा, पाखल, वापिस थाना धोज, आलमपुर, सिरोही, जकोपुर, फिरोजपुर कलां, सिकरौना, भनकपुर, खंदावली, कैली गांव, झाड़सेतली पुल से यूटर्न लेकर जाजरू, शाहपुर, सीकरी थाना सेक्टर 58 पर समापन हुआ। जिसका असर लोगों में भी देखा गया। लोग बड़ी संख्या में पुलिस की मुहिम से जुड़े।

### हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव गहलब, कौंडल, नांगल में भाजपा प्रत्याशी की जनसभा, कहा-

# मोदी के पीएम बनने के बाद शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 5वें स्थान पर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पार्टी की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विश्व में शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 11वें स्थान पर रहा, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने शक्तिशाली देशों की सूची में भारत को पांचवें पर ला दिया, जो काम दस सालों में अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह नहीं कर पाए, वह काम नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया। उन्होंने न केवल देश की प्रतिष्ठा को विश्व में बढ़ाया बल्कि हर भारतीय का गौरव भी बढ़ाया, यही कारण है कि जनता नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री चाहती है और लगातार तीसरी बार उन्हें देश की बागडोर सौंपने का संकल्प ले चुकी है। गुर्जर हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव गहलब, कौंडल, नांगल जाट सहित कई गांवों में आयोजित सभाओं में उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान गांव गहलब में सहरावत पाल, कौंडल में तेवतिया पाल तथा नांगल जाट में रावत पाल ने गुर्जर को खुला समर्थन देते हुए उन्हें सम्मान रूपी पगड़ी बांधी और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। लोगों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित है, पहले सरहदों पर फायरिंग होने पर जवाबी कार्यवाही के लिए आदेश लिए जाते थे, लेकिन जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तब से हमारे फौजियों को यह आदेश है कि अगर सीमा पार से एक गोली चले तो उसका जवाब गोलियों से दिया जाए।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रभुत्ता, एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए कार्य किए, हर वर्ग सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहा है। फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए गुर्जर ने कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के फरीदाबाद के इस सिरे से लेकर आखिरी सिरे तक समान विकास किया है, शहरों की तर्ज पर गांवों में सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, बिजली, पानी, सड़कें जैसे मुद्दों पर युद्धस्तर पर काम किया है। गांवों को जोड़ने के लिए बेहतर सड़कें बनवाईं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर बनाकर लोगों का सफर बेहतरीन बनाया।

विश्व में शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 11वें स्थान पर रहा, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को पांचवें पर ला दिया, जो काम दस सालों में अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह नहीं कर पाए, वह काम नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया।

**खास बातें**

- 10 सालों में अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जो न कर पाए वह मोदी ने कर दिखाया
- कांग्रेस प्रत्याशी ने तिगांव से चुनाव प्रचार प्रारंभ किया



### विनाश की पटकथा में उनकी भूमिका से आहत जनता करेगी बदलाव



**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बडौली से की जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान किया। इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बना दिया। इससे पूर्व पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया के नेतृत्व में पृथला क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के निवास पर पहुंच अपने समर्थन का खुला ऐलान किया और विश्वास दिलाया कि पृथला क्षेत्र से सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे। वहीं पटेल चौक, एक नंबर, एसजीएम नगर, एन.एच-1, सैनिक कॉलोनी आदि में भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

#### इंडिया गठबंधन के विजयी होने से हर वर्ग का होगा कल्याण

चौधरी महेंद्र प्रताप ने कहा कि जनता का जोश व उत्साह बता रहा है कि यहां कि जनता बदलाव चाहती है। प्रत्येक मतदाता भाजपा प्रत्याशी की सत्ता लोलुपता एवं शहर के विनाश की पटकथा में उनकी भूमिका से आहत है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि झूठ-लूट व भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इस बार इंडिया गठबंधन को विजयी बनाना होगा, तभी हर वर्ग का कल्याण होगा। भाजपा राज में धर्म और जात की राजनीति कर लोगों को बांटने का कार्य किया गया। हरियाणा में जब कांग्रेस सरकार सत्ता से गई थी तो प्रदेश पर 55 लाख करोड़ का कर्ज था और आज 205 करोड़ रुपए का कर्जा है।

### नर्सरियों से भी लिए पौधे, बनाई सूची

# ननि ने शुरू की तैयारी, इस बार 1 लाख से अधिक पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम उद्यान के विभाग ने आने वाले मानसून के लिए वृक्षारोपण की तैयारी शुरू कर दी है। वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग एक लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना गाजियाबाद नगर निगम बना रहा है। जिसके लिए उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज ने मालियों तथा हेड मालियों के साथ बैठक की।

बैठक में अवर अभियंता उद्यान, उद्यान निरीक्षक, समस्त उद्यान लिपिक, समस्त सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे।

#### पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया

डॉ. अनुज ने बताया कि पतझड़ समाप्ति की ओर है तथा मानसून से पहले पौधा लगाने के लिए स्थान का चयनीकरण तथा गड्ढे खोदने का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। सभी मालियों तथा सुपरवाइजर से टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्कों के साथ-साथ अन्य स्थान को भी चयन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जिसके साथ ही गड्ढा करने के लिए भी कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया है। टीम को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित भी किया गया है। जेसीबी में अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मियांवकी पद्धति से पौधा लगाने के लिए अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि जोनवार एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। नर्सरी संचालक से सलाह के बाद पौधों को कलेक्ट किया जाएगा, जिसके लिए अभी से सूची तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

#### पार्कों को व्यवस्थित करने के निर्देश जारी

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शहर की सभी ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज पार्कों को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में कार्य रफ्तार से चल रहा है इसी के साथ-साथ पार्कों में लगे हुए समरसेबल भी सही प्रकार से कार्य करें इसका विशेष ध्यान रखने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिए हुए हैं। बैठक में डॉ. अनुज द्वारा सभी पार्कों में लगे हुए समरसेबल को सुचारू बनाए रखने के लिए भी कहा गया है यदि किसी के कनेक्शन सही नहीं है तो उनको आप विलंब कार्यवाही करते हुए कनेक्सन करते हुए सबमर्सिबल चालू करने के लिए निर्देशित किया गया है, उक्त कार्यवाही में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी विशेष भूमिका निभाएंगे।

### छोटी सी गलती बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती

# पुलिस को यातायात व साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में सेक्टर-30 फरीदाबाद की पुलिस लाइन में प्रशिक्षण पा रहे पुलिसकर्मियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमों तथा साइबर ठगों से बचाव के लिए साइबर सुरक्षा के तरीकों के बारे विस्तार से बताया।

फरीदाबाद पुलिस विभाग में नए पुलिस कर्मियों का चयन हुआ है जो पुलिस लाइन सेक्टर-30 में प्रशिक्षण



ले रहे हैं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर द्वारा बताया कि छोटी सी गलती किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है। इसलिए टू व्हीलर पर आईएसआई मार्का हैल्मेट लगाकर निकलें।

### हेल्पलाइन नंबर व ईमेल आईडी जारी

# अवकाश के दिन स्कूल खुले तो अभिभावक करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं।

इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गई है। उपायुक्त के आदेश अनुसार सभी निजी विद्यालयों द्वारा राजपत्रित अवकाश के दौरान विद्यालय खोलने एवं निजी विद्यालय संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन के



नियमानुसार संचालन नहीं करने की शिकायतों को भी हेल्पलाइन पर दे सकते हैं। स्कूल आदेश की अवमानना करता है तो कोई भी अभिभावक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है ।

### प्रॉपर्टी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ के आरोप में

# नायब तहसीलदार, क्रेता और विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकारी दस्तावेज में आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ के आरोप में नायब तहसीलदार जय प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित, दिनेश व हरेंद्र और क्रेता लखमी चंद और विक्रेता अजय कुमार के खिलाफ सेंट्रल थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है।

जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश पर हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम 1975 की धारा 7। के अंतर्गत संबंधित अधिकारी कर्मचारी, क्रेता-विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार




कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि इंडोस्टेट की कॉपी जो कंप्यूटर से अब निकाली है उसमें रकबा मौजा बसेलवा का है जबकि रिकार्ड की ऑफिस कॉपी की इंडोर्समेंट के कॉलम में मौजा, पता, प्रॉपर्टी आईडी, प्रॉपर्टी नंबर व मालिक के नाम को किसी प्रकार मिटाया गया है व रिकॉर्ड की ऑफिस कॉपी के पेज नं 2 पर मौजा भतौला लिखा हुआ है।

इस दस्तावेज के साथ संबंधित विभाग की एनडीसी/ एनओसी भी संलग्न नहीं है। उक्त दस्तावेज के साथ आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ की गई है तथा पूरे मामले में धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है। दस्तावेज के पंजीकरण में उस एक्ट की धारा 7। की भी उल्लंघना की गई है। जिसके तहत 420, 465, 467, 468, 471, 120 बी और हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पहला जन्मदिन मनाने जा रहा था परिवार

# थार गाड़ी की टक्कर से बाप-बेटी की मौत, मां और दूसरी बेटी गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जन्मदिन की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब बीती रात सेक्टर-12 में टाउन पार्क के सामने एक थार गाड़ी ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार पिता और एक साल की बेटी की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बेटी और मां घायल हो गई। ये सभी लोग एक साल की बेटी का जन्मदिन मनाने टाउन पार्क में जा रहे थे। उस मासूम बच्ची की अपने पहले जन्मदिन पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शी दीपक आजाद ने बताया कि जब थार गाड़ी तेज



रफ्तार से आ रही थी तभी वह अनियंत्रित हो गई और स्कूटी से जाकर टकराई। स्कूटी पर पति-पत्नी और उनकी दो बेटियां सवार थे। तभी भयानक हादसा हुआ और छोटी बेटी और पिता की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बेटी व मां अभी पार्क अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं। मृतकों की पहचान दयानंद और उसकी बेटी दिशा दोनों निवासी शिव कॉलोनी बल्लभगढ़ के रूप में हुई है। हादसे में दयानंद की पत्नी दिव्या और बड़ी बेटी भूमि घायल हुए हैं।

ये चारों सेक्टर-12 टाउन पार्क में दिशा का जन्मदिन मनाने जा रहे थे। दयानंद की बड़ी बेटी भूमि व पत्नी दिव्या की हालत गंभीर बनी हुई है। वह पार्क अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं। परिजनों का कहना है कि रात ही पुलिस को थार गाड़ी का नंबर दे दिया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की है। इस दौरान अस्पताल के शवगृह में परिजनों ने पुलिस के सामने हंगामा भी किया। पुलिस थार चला रहे आरोपी को पकड़े।

### शिक्षा विभाग के कर्मचारी श्याम सुंदर का यादगार सेवानिवृत्ति समारोह

40 सालों तक शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत थे

# स्कूल के कर्मचारियों ने घोड़ी बग्गी पर बैठाकर गीत-नृत्य के साथ किया विदा, रास्ते में तिगांव के लोगों ने बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी श्याम सुंदर का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

गौरतलब है कि लगभग 40 वर्ष तक शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत श्याम सुंदर की ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और समर्पण की मिसाल पूरे क्षेत्र में दी जाती है। आज जब उनकी सेवा निवृत्ति का समय आया तो पूरे तिगांव क्षेत्र ने उन्हें सिर आंखों पर बैठा लिया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी श्याम सुंदर के सेवानिवृत्ति समारोह को



यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी समस्त स्टाफ ने श्याम सुंदर व उनकी पत्नी कमलेश को स्कूल प्रांगण से लेकर उनके घर तक घोड़ी बग्गी में बैठकर तथा बैंड-बाजों के साथ विदा किया। इस दौरान उनके साथ आए हुए लोग रास्ते में डांस करते हुए गए। श्याम सुंदर व उनकी पत्नी को घोड़ी बग्गी पर बैठा देखकर पूरे तिगांव के लोग अपने घरों से बाहर आ गए और उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। कुछ जगह रास्ते में लोगों ने उनके ऊपर फूलों की बरसात भी की।

श्याम सुंदर की सेवानिवृत्ति समारोह में गांव के सरपंच विक्रम नागर, रतिचन्द हेडमास्टर, सतवीर वर्मा नंबरदार, जय किशन वर्मा, स्कूल की डीडीओ सुमन मंडा हुड्डा, ज्ञानचंद आनंद, संध्या, रेनू वालिया, शिवदत्त दीक्षित, सुखविंदर, पूर्व प्रधानाचार्या आशा गिरधर, पूर्व प्रधानाचार्या अंजू मदान, प्रधानाचार्या उर्मिला रानी साहू, विभा सिंह, राजकुमार भारद्वाज, संजय कुमार, योगराज, महेंद्र आदि गणमान्य विशेष रूप से मौजूद थे।

## ई-रिक्शा से नामांकन करने पहुंचे समाजवादी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, कहा-

# देश को संकट से बचाने के लिए बना है इंडिया गठबंधन

बीएस लाठी ▶▶ अयोध्या

अवधेश प्रसाद ई-रिक्शा से नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे जो कौतूहल का विषय बना रहा। अवधेश प्रसाद के साथ ई-रिक्शा में गठबंधन के नेता कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री भी मौजूद रहे।

अयोध्या के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने अपना नामांकन दाखिल किया। अवधेश प्रसाद ई-रिक्शा से नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे जो कौतूहल का विषय बना रहा।

अवधेश प्रसाद के साथ ई-रिक्शा में गठबंधन के नेता कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों नेता भाजपा पर जमकर बरसे और कहा सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा का सफाया करेगी। इस देश में जो नापाक हुकूमत चल रही है उसको हटाने के लिए तमाम दलों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। नामांकन करने के बाद अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए पूरी तैयारी है। सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा का सफाया करेंगे। अवधेश प्रसाद ने कहा कि अगर चुनाव में कोई चर्चा है तो संविधान बचाने की चर्चा है। लोकतंत्र बचाने की चर्चा है।




### 9 बार के विधायक हैं अवधेश प्रसाद

सहयोगी दल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री ने कहा कि इस देश में एक नापाक हुकूमत जो चल रही है जिसकी वजह से महंगाई आसमान छू रही है जिसकी वजह से बेरोजगारी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में लोकतंत्र को खतरा है। चुनाव होगा कि नहीं, ऐसी तानाशाही से भरी हुई सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हिंदुस्तान के तमाम दलों ने एक गठबंधन बनाए है। इंडिया गठबंधन के नाम से, उस गठबंधन के तहत फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से जिस प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा है जो 9 बार के विधायक हैं। संसदीय जीवन का जितना उनका अनुभव है। एक गरीब परिवार से निकलकर राजनीति शुरू की है जो गरीबों के दुख दर्द से वाकिफ हैं। लोकसभा की जनता अवधेश प्रसाद को जिताएगी।

### नामांकन से पहले रामलला के दरबार आएंगे मोदी

**अयोध्या में दो किलोमीटर लंबा रोड शो भी करेंगे**



5 मई को सीतापुर से मोदी अयोध्या पहुंचेंगे। राम पथ पर अयोध्या में दो किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में रोड शो करेंगे। इस दौरान करीब चार लाख लोग रोड शो में मौजूद रहेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी 5 मई को रामकथा पार्क पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। इसके बाद लता चौक से श्रीराम जन्मभूमि पथ के सामने तक करीब दो किलोमीटर का रोड शो करेंगे। इसके बाद वे गेंट नंबर 11 से रामजन्मभूमि में प्रवेश कर रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। पीएम सीतापुर से अयोध्या शाम 5 बजे पहुंचेंगे। वे करीब 7 बजे रामलला के दर्शन के बाद अयोध्या से रवाना होंगे। वे करीब दो घंटे अयोध्या में रहेंगे। इस दौरान उनकी जनसभा की कोई सूचना सामने नहीं आई है।

## खबर संक्षेप

### जिलों के डीईओ और डीपीओ का वेतन रोका

**पटना।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों व



जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के अप्रैल के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त शिक्षकों तथा नियोजित शिक्षकों के समय पर वेतन भुगतान नहीं होने के कारण यह कार्रवाई विभाग ने की है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। विभाग के निदेशक (प्रशासन) सुबोध कुमार चौधरी ने सभी डीईओ और डीपीओ स्थापना को पत्र भेजा है।

### दारू के लिए दरिंदा बना बेटा, पिता को मार डाला

**लखीमपुर खीरी।** यहां के मझगईं क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर इकलौते पुत्र ने बेरहमी से



रॉड से हमलाकर बुजुर्ग पिता की जान ले ली। मृतक की पत्नी के मुताबिक, आरोपी बेटे ने रॉड से सिर पर कई प्रहार किए। इतना ही नहीं मुंह के अंदर चाकू घुसाकर जुबान काट दी। बाई आंख भी फोड़ दी। गंभीर हालत में पति को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर भड़के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा-

# 'बुलडोजर बाबा' की अपील, भाजपा को लाइए, बंगाल को करें कर्फ्यू-दंगा मुक्त

अभी कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी यही बात कही थी और अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी यही बात कही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि दंगाइयों को उल्टा लटका देना चाहिए। योगी ने लोगों से भाजपा के चुनाव निशान कमल पर वोट देने की अपील की।

कोलकाता ▶▶ बीरभूम

मजबूत कानून व्यवस्था के पर्याय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। सीएम योगी ने यहां तीन चुनावी रैली की। पहली रैली मुर्शिदाबाद जिले में बहरामपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निर्मल कुमार साहा के पक्ष में की। इसके बाद बीरभूम से भाजपा प्रत्याशी देबतनु भट्टाचार्य के पक्ष में जनसभा कर वोट देने की अपील की।

योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को आमजन की भीड़ उमड़ी। यहां सीएम योगी ने ममता दीदी को आईना दिखाया तो कांग्रेस-तृणमूल के गठबंधन को भी खूब खरी-खरी सुनाई। संदेशखाली केस और रामनवमी में दंगे को लेकर योगी ने बंगाल सरकार से कई सवाल भी पूछे। उन्होंने कहा कि बंगाल को दंगा-कर्फ्यू से मुक्त करने के लिए भाजपा को वोट दें।

**खास बातें**

- यूपी सीएम योगी ने ममता और कांग्रेस को दिखाया आईना
- रामनवमी पर यूपी में दंगा होता तो ऐसे ठीक करते कि सात पीढ़ियां दंगा भूल जातीं



### डेढ़ दशक से टीएमसी के पास है यह सीट

महुआ मोइत्रा इस सीट पर आक्रामक प्रचार कर रही हैं। पिछले डेढ़ दशक से ये सीट टीएमसी के पास है। ऐसे में महुआ पर लगे आरोपों के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाना टीएमसी के लिए सियासी जरूरत भी था। ये सीट जीतना ममता बेनर्जी के राजनीतिक एजेंडे में आगे इसलिए है क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते महुआ के विवादास्पद निष्कासन पार्टी के बाद पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़े होने का संदेश देना चाहती है। इस इलाके में चाय पर चर्चा के दौरान अनवर शेख नाम के शख्स ने कहा इस इलाके में अल्पसंख्यकों की आबादी अच्छी है और ऐसे में जाहिर है कि वो टीएमसी के साथ ही जाएंगे। राजनीति का हाल तो ये है कि सब उम्मीदवार एक ही कंपनी के प्रोडक्ट हैं, सिर्फ ब्रांड इधर उधर है। चुनाव से पहले और चुनाव के बाद पार्टी बदलते रहते हैं।

### योगी ने पूछा सवाल- बंगाल लहुलूहान क्यों?

सीएम योगी ने कहा कि जो बंगाल भारत की सभ्यता और संस्कृति को नई दिशा देता था, जिस बंगाल ने भारत के संस्कारों को आगे बढ़ाने में महती भूमिका का निर्वहन किया था। जिसने कभी भारत को नवजागरण का मार्ग दिखाया था। वह बंगाल आज लहुलूहान, दिशाहीन क्यों है। जिस बंगाल ने कभी देश को राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान दिया था, उस बंगाल से आज रोने और कराहने की चित्कार क्यों उठ रही है। जिस बंगाल ने भारत को सिखाया था कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। उस बंगाल में सत्ता के संरक्षण में आज हिंदू परंपरा व संस्कृति को रौंदने का प्रयास कैसे हो रहा है।

### मां दुर्गा को पूजने वाले बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना कैसे?

उन्होंने कहा कि जिस बंगाल ने दयामयी मां दुर्गा की पूजा के अनुष्ठान का संदेश दिया था। उस बंगाल में संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं? जिसकी कल्पना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी, आज का बंगाल वह 'सोनार बांग्ला' नहीं है। जिस बंगाल ने वंदे मातरम का गीत दिया था, उसे दंगों की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास हो रहा है।

## सुख-दुख में साथ खड़ा है, अपना तेजस्वी

# दो चरणों के चुनाव के बाद आरजेडी का कैंपेन सॉन्ग

**17 महीने के शासनकाल में तेजस्वी के कामों का गुणगान**

एजेंसी ▶▶ पटना



आरजेडी ने लोकसभा चुनाव 2024 के अपना कैंपेन सॉन्ग रिलीज किया। आरजेडी के नए चुनावी गीत में तेजस्वी यादव के 17 महीने की महागठबंधन सरकार में रहते हुए किए गए कामों का गुणगान किया गया है। वीडियो में तेजस्वी यादव को जनता के सुख-दुख के साथी की छवि बताई गई है। साथ ही बिहार में बड़े पैमाने पर रोजगार देने, जातिगत गणना कराने, आरक्षण का दायरा बढ़ाने जैसे मुद्दों पर आरजेडी ने तेजस्वी यादव को धन्यवाद दिया है। हालांकि, जेडीयू इन कामों का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देती रही है। खास बात यह है कि लोकसभा चुनाव के दो चरण का मतदान हो जाने के बाद आरजेडी ने अपना प्रचार गीत जारी किया है। हालांकि, अब भी पांच चरणों की वोटिंग बाकी है।

### 'चप्पा चप्पा गूंज उठा है, जन-जन का विश्वास जगा'

राष्ट्रीय जनता दल द्वारा जारी कैंपेन सॉन्ग के गीत इस तरह हैं- 'चप्पा चप्पा गूंज उठा है, जन-जन का विश्वास जगा है, जनता का रण यही लड़ा है, सुख-दुःख में यही साथ खड़ा है, अपने काम से प्रमाण दिया है, जान लगाकर काम किया है, जनसेवा में जीवन अपना तुमने तो कुर्बान किया है, अपना तेजस्वी। अब जनसभा में गूंजेगा यह गीत।

### नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा

आरजेडी के कैंपेन सॉन्ग में दावा किया गया है कि पूरा बिहार तेजस्वी यादव को धन्यवाद कह रहा है।आरजेडी का दावा है कि 17 महीने की महागठबंधन सरकार के दौरान बिहार में 4 लाख नौकरियां, जातिगत गणना, आरक्षण की सीमा में बढ़ोतरी, नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में सुधार, सड़कें-पुल बायपास आदि का निर्माण, खेल एवं पर्यटन नीति जैसे अहम कदम उठाए गए। पार्टी का कहना है कि ये सभी काम तेजस्वी यादव के कारण ही पूरे हो गए।

## पेज एक का शेष

### अमित शाह के फेक ...

और राजस्थान और नगालैंड में कांग्रेस के दो नेताओं को भी मोबाइल फोन के साथ पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। वैसे, इससे पहले सोमवार को रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के सदस्य शिव कुमार अंबाला, अस्मा तस्लीम, सतीश मन्ने और नवीन पेटेम को एक मई को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया गया। दिल्ली पुलिस ने रविवार को भाजपा और गृह मंत्रालय (एमएचए) की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल साइबर विंग की आईएफएसओ यूनिट ने भी एफआईआर दर्ज की। आईएएनएस के पास उपलब्ध एफआईआर की प्रति के अनुसार गृह मंत्रालय ने शिकायत में कहा कि यह पाया गया है कि कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो फेसबुक और ट्विटर पर प्रसारित किए जा रहे हैं।

### पांच नेताओं की ...

पूछताछ की जाएगी, अन्यथा इन्हें दोबारा नोटिस भेजा जाएगा।

### यह जानने की कोशिश ...

तक एक्स पर पोस्ट किया है। पुलिस का कहना है कि तेलंगाना में 15 मई को चुनाव होने हैं। ऐसे में हो सकता है सीएम समेत पार्टी से जुड़े अन्य लोग जांच में शामिल न हो सकें और 15 दिनों का समय मांगें।

### क्या कहती है सीआरपीसी ...

किसी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेज सकती है साथ ही सीआरपीसी 91 के तहत लोगों को दस्तावेज अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट पेश करने के लिए कहा जाता है। पुलिस को शक है कि कांग्रेस के आईटी सेल के किसी शख्स ने ही जानबूझ कर व साजिश के तहत भाजपा को बदनाम करने व मतदाताओं को गुमराह के मकसद से फेक वीडियो बनाया है। उसे पुलिस हर हाल में गिरफ्तार कर लेगी। असम पुलिस ने फेक वीडियो मामले में जिस रीतम सिंह को हिरासत में रखा है वह कांग्रेस कार्यकर्ता है और पार्टी के वार रूम कोआर्डिनेटर के रूप में काम करता है। इसने भी एक्स पर फेक पोस्ट ही किया था।

### 26 वें नौसेना प्रमुख बने...

पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी से आशीर्वाद लिया। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है। नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से नवाजा जा चुका है।

### गुरुग्राम से राज बब्बर...

हिमाचल की कांगड़ा और हमीरपुर सीट पर सातवें फेज यानी 1 जून को मतदान होंगे। वहीं महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर पांचवे चरण में यानी 20 मई को वोटिंग होगी। इस लिस्ट के साथ उम्मीद जताई जा रही थी कि पार्टी यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर भी उम्मीदवार घोषित कर सकती है। लेकिन इस लिस्ट में सिर्फ चार ही नामों का ऐलान किया गया है। अमेठी और रायबरेली पर सस्पेंस बरकरार है। उक्त सीटों पर स्थानीय नेता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और राहुल, प्रियंका को उतारने की चर्चा चल रही है।

### विधायक रावत, महापौर ...

और कांग्रेस के सत्यपाल सिंह सिकरवार के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है।

**शाह से बात न होने के कारण रुक गई थी एंट्री:** रावत की भाजपा ज्वॉइन करने की चर्चा दो सप्ताह पहले भी चली थी। भाजपा में आने की उनकी तारीख भी तय हो गई थी लेकिन वे नहीं आए। बताया गया कि राम निवास केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात करने के बाद भाजपा में आना चाहते थे। तब तक उनकी शाह से बात नहीं हो पाई थी। तोमर ने रावत की शाह से बात कराई, इसके बाद राम निवास भाजपा में आने को राजी हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का श्योपुर कार्यक्रम बना। उनकी मौजूदगी में रावत और सोलंकी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

**कतार में थे शारदा और राम निवास:** विधायक रामनिवास रावत और महापौर शारदा सोलंकी अचानक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में नहीं आए, बल्कि ये पहले से कतार में थे। शारदा सोलंकी की भाजपा में आने की चर्चा लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले थी। वे नरेंद्र तोमर के साथ दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिली थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में जाने की खबरों से इंकार कर दिया था।

**जितना चाहता था नहीं कर पाया विकास:** भाजपा ज्वॉइन करने के बाद राम निवास रावत ने कहा कि हर किसी की इच्छा रहती है कि वह क्षेत्र की जनता के लिए कुछ करे, लेकिन जितना विकास मैं चाहता था, नहीं करा पाया। अब भाजपा में शामिल होकर क्षेत्र को प्रदेश की मुख्यधारा तक ले जाना चाहता हूं। रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद विजयपुर विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव होना तय हो गया है। हालांकि, मंगलवार शाम तक विधानसभा सचिवालय को उनका इस्तीफा नहीं मिला था। रावत कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके हैं। वे मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से 2 बार लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। दोनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

**कांग्रेस से इसलिए नाराज थे राम निवास ?:** राम निवास रावत कांग्रेस से तभी से नाराज थे जब जीतू को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की थी। कांग्रेस ने जैसे ही सत्यपाल सिकरवार को मुरैना से लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में उनकी सलाह नहीं ली गई, इसलिए वे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का काम नहीं करेंगे। इसके बाद उनके भाजपा में जाने की चर्चा शुरू हो गई।

### हम निर्विरोध हुए...

पहले भी 20 बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए तब लोकतंत्र खतरे में नहीं आया, लेकिन भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए तो कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में नजर आने लगता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह सभी ने गरीबी मिटाने के वादे किए लेकिन कोई भी गरीबी नहीं मिटा पाया। अब जाकर नरेंद्र मोदी ने गरीबी को चुनौती समझते हुए काम किया है। दुनिया की कई आर्थिक संस्थाएं बताती हैं कि बीते 7 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। अब कोई भी महंगाई पर फिल्म नहीं बनाता क्योंकि यह नियंत्रण में है।

**जब बच्चे कहेंगे कौन कांग्रेस ?:** कांग्रेस के समय को घोटालों का दौर बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भाषण देने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता है। सिस्टम में बदलाव लाकर ही इसे खत्म किया जा सकता है। पीएम मोदी ने जनधन, मोबाइल और आधार को एक दूसरे से अटैच कर के भ्रष्टाचार को समाप्त करने का काम किया है। कुछ साल बाद जब बच्चों से कांग्रेस के बारे में पूछेंगे तब बच्चे कहेंगे कि कौन कांग्रेस?

### यदि वे चुनाव जीत...

सारे अधिकार इस किताब से मिलते हैं। दुनिया में कोई शक्ति नहीं है जो इसको बदल सके। ये हिंदुस्तान के लोगों की आत्मा है। कांग्रेस और आंबेडकर ने, हिंदुस्तान की जनता ने मिलकर लड़ाई की और से संविधान बनाया। इसको ऐसे मिटने नहीं देंगे। राहुल बोले कि ये मामूली चुनाव नहीं है। इस चुनाव में दो विचारधाराओं की टक्कर है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जो संविधान को बचाने की कोशिश कर रहा है।

**सारे काम आरक्षण के खिलाफ:** राहुल गांधी ने पूछा कि भाजपा कहती है कि वो आरक्षण के खिलाफ नहीं है। तो अगर आप आरक्षण के खिलाफ नहीं हो तो पब्लिक सेक्टर को क्यों प्राइवेटाइज कर रहे हैं, आप रेलव का क्यों निजीकरण कर रहे हैं, आप अग्निवीर योजना क्यों लेकर आए? आप ठेकेदारी प्रथा को क्यों बढ़ावा दे रहे हैं? ये सब के सब काम आरक्षण के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि आप अरबपतियों का कर्जा माफ करते हो। 16 लाख करोड़ रुपया, 22-25 लोगों का कर्जा केंद्र ने माफ किया है। मैं पूछता हूं किसानों, मजदूरों का कितना कर्जा माफ किया है?

### टी20 विश्व कप के ...

है, जबकि केएल राहुल टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं। अजीत अगरकर की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वरिष्ठ चयन समिति ने इसे लेकर बैठक की। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में 2022 में टी20 वर्ल्ड कप में वह भारतीय टीम के कप्तान थे। टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। टीम में केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह को रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है।

**2 मई को अररिया व मुजफ्फरपुर में जनसभा**

# जेपी नड्डा का दूसरा बिहार दौरा राजनाथ सिंह की भी दो रैलियां तय

एजेंसी ▶▶ पटना



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक बार फिर बिहार दौरे पर आ रहे हैं। नड्डा 2 मई को मुजफ्फरपुर और अररिया में एनडीए की चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

इस दौरान वे अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार और मुजफ्फरपुर में राजभूषण चौधरी निषाद के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। इसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी बिहार में दो चुनावी रैलियां होंगी। वे सारण और सुपौल लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे।

### अररिया व सुपौल में तीसरे चरण के तहत 7 मई को मतदान

अररिया और सुपौल में तीसरे चरण के तहत 7 मई को वोटिंग है। वहीं, मुजफ्फरपुर और सारण लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। मुजफ्फरपुर में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद अजय निषाद का टिकट काटकर नए चेहरे राजभूषण को मैदान में उतारा। टिकट कटने से नाराज अजय निषाद ने पार्टी छोड़ दी और अब कांग्रेस के टिकट पर इसी सीट से मैदान में हैं। इससे यहां लोकसभा का चुनाव दिलचस्प हो गया है। अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मुजफ्फरपुर में रैली कर रामभूषण के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करेंगे।

## अलग-अलग कमरों में मिलीं सास-बहू की लाशें

# रिटायर्ड दरोगा के घर में जघन्य वारदात निर्मम तरीके से सास-बहू का कत्ल

एजेंसी ▶▶ बागपत

उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड दरोगा के घर डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया। बताया गया कि सास और बहू की गला रेतकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। इस वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि सेवानिवृत्त दरोगा का बेटा ही है। जानकारी के अनुसार, अलग-अलग कमरों में मिलीं सास-बहू की लाशें देखकर लोगों की रूह कांप उठी। बताया गया कि घर में घुसकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। उधर, घटना की जानकारी लगने पर एसपी बागपत सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बागपत के हलालपुर गांव में इस डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। नेशनल वेटलिफ्टर के छोटे बेटे मनीष द्वारा हत्या करने की बात कही जा रही है। बताया गया कि पुलिस को देखकर उसने अपने गले



ब्लेड मार लिया और आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक मनीष की पत्नी वर्षा और दूसरी मनीष की मां सरोज है। वर्षा दो माह की गर्भवती थी। ग्रामीणों ने सास-बहू की हत्या की सूचना पुलिस को दी बताया कि जितेंद्र पेंशन के मामले में दिल्ली चला गया था। तभी घर में जितेंद्र के छोटे बेटे ने अपनी पत्नी वर्षा और मां सरोज की हत्या कर दी।



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

## लाइफ Style

# हिना
## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकी हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।




# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।




# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

## टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल



सिमर का' डेब्यू किया था। इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।

# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स

**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।


***फिर दिखा पुराना अंदाज :*** सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।



इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



## शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत

# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोड्यूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।



### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'



### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



# दलबदलू देवाशीष ने बिगाड़ा फूल सिंह का गणित, कड़े मुकाबले में फंसी संध्या




- हर रोज बनते-बिगड़ते दिख रहे चुनावी समीकरण
- भिंड में किसी दल के पक्ष में एकतरफा
- कांग्रेस को हो सकता है ज्यादा नुकसान
- भाजपा-कांग्रेस में जोरदार टक्कर, बहुजन समाज पार्टी का प्रचार भी हुआ तेज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल की मुरैना सीट की तरह भिंड में भी कांग्रेस के बागी ने चुनावी समीकरण प्रभावित कर दिए हैं। मुरैना में कांग्रेस के रमेश गर्ग बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं तो भिंड से कांग्रेस के टिकट पर पिछला लोकसभा चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया ने बागी होकर बसपा के हाथी की सवारी की है। दलबदलू देवाशीष के बसपा का प्रत्याशी घोषित होने से पहले तक भिंड का चुनाव कांग्रेस के पक्ष में जाता दिख रहा था।

पहली वजह भाजपा सांसद संध्या राय से लोग नाराज थे और दूसरा वे मुरैना से हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया भिंड जिले से हैं। अचानक देवाशीष के बसपा के टिकट पर उतरने से कांग्रेस का गणित गड़बड़ाया है। माना जा रहा है कि देवाशीष कांग्रेस का ज्यादा नुकसान करेंगे। बसपा ने प्रचार तेज भी किया है, हालांकि तब भी मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है। भाजपा की संख्या कड़े मुकाबले में फंसी दिख रही हैं।

### खास बातें

- देवाशीष ने कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था लोकसभा चुनाव
- बसपा के चुनाव प्रचार तेज करने के बावजूद भी मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच का ही बना हुआ है


फूल सिंह बरैया


संध्या राय


देवाशीष जरारिया

### हार के बाद भी सक्रिय रहे थे बागी देवाशीष

कांग्रेस छोड़कर बसपा से चुनाव लड़ रहे देवाशीष लोकसभा का पिछला चुनाव बड़े अंतर लगभग दो लाख वोटों से हारे थे। लेकिन हार कर वे घर नहीं बैठे थे। क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। वे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के नजदीक हैं। लेकिन इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया तो उन्होंने बगावत कर दी। गोविंद सिंह ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में टिकट वितरण पर नाराजगी व्यक्त की थी। कांग्रेस में लगातार काम करने के कारण वे चुनाव में इस पार्टी को ही नुकसान पहुंचाएंगे। लोगों से बातचीत में भी वे वोट काटने वाले बताए जा रहे हैं। वे मुकाबले में नहीं रहेंगे लेकिन नुकसान कांग्रेस का करेंगे। इसलिए भी क्योंकि वे भी भिंड जिले से हैं, जहां से कांग्रेस प्रत्याशी बरैया हैं।

### विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग स्थिति

दो जिलों भिंड और दतिया की विधानसभा सीटों को मिला कर बने इस लोकसभा क्षेत्र में कहीं भाजपा मजबूत दिखती है तो कहीं कांग्रेस। दतिया जिले की तीन सीटों में भांडेर से फूल सिंह खुद विधायक हैं इसलिए यहां कांग्रेस बढ़त में दिखती है। दतिया में कांग्रेस ने नरोत्तम मिश्रा जैसे दिग्गज को हराया था, इसलिए यहां भी पार्टी कमजोर नहीं है। सेवढ़ा में मुकाबला बराबरी का बताया जाता है। भिंड जिले की पांच विधानसभा सीटों में से तीन भाजपा और दो कांग्रेस के पास हैं। लेकिन कांग्रेस के फूल सिंह और बसपा के देवाशीष यहां के रहने वाले हैं। भाजपा के अपने तीन विधायक हैं ही। ऐसी स्थिति में तीनों दलों को इस जिले में अच्छे वोट मिल सकते हैं पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही होना तय है।

### कई नेता सक्रिय, कई का रुख साफ नहीं

भिंड लोकसभा सीट में कड़ी टक्कर के बीच कांग्रेस- भाजपा नेताओं की सक्रियता को लेकर भी चर्चा चलने लगी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह पहले प्रत्याशी चयन को लेकर नाराज थे लेकिन अब सक्रिय नजर आ रहे हैं। बरैया की नैया की जवाबदारी उनके कंधों पर ही है। चौधरी राकेश सिंह भी प्रचार में जुटे दिखते हैं। अटेर से जीते हेमंत कटारे भिंड की बजाय बाहर ज्यादा दिखाई पड़ते हैं। दूसरी तरफ भाजपा से बसपा मे गए डॉ. रामलखन सिंह वापस भाजपा मे आ गए हैं। भाजपा से बागी होकर बसपा से विधानसभा चुनाव लड़े रसाल सिंह ने भी बसपा छोड़ दी है।

### क्षत्रिय खफा, ब्राह्मण वैश्य समर्थन में

भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों से पता चलता है कि यहां दलित, पिछड़े, क्षत्रिय, ब्राह्मण और वैश्य वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित का ज्यादा हिस्सा कांग्रेस और बसपा के साथ दिखाई पड़ता है। क्षत्रिय भाजपा से नाराज हैं। ब्राह्मण और वैश्य के साथ पिछड़े वर्ग की ज्यादा जातियां भाजपा के साथ दिखाई पड़ती हैं। कांग्रेस के फूल सिंह बरैया पहले बसपा के प्रदेश प्रमुख हुआ करते थे। उन्होंने अपना अलग दल बनाकर भी दलितों के बीच ज्यादा काम किया है। हालांकि उनके कई बयान विवादास्पद रहे हैं। इसकी वजह से ब्राह्मण समाज बरैया को पसंद नहीं करता।

## चाय पे चर्चा

▶▶ एमपी नगर जोन वन स्थित चाय विला पर चाय की चुस्कियों के बीच राजधानी के लोगों के बीच चला चुनावी चर्चाओं का दौर

# कांग्रेस को फिलहाल करना पड़ रहा संघर्ष, प्रदेश में मोदी लहर हो रही हावी

पिछले पैंतीस साल से भाजपा के कब्जे की लोकसभा सीट जीतना आसान तो नहीं है, लेकिन इन सालों में कांग्रेस ने लगातार संघर्ष किया है। इस बार कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। उम्मीद है कि लोकसभा क्षेत्र का मतदाता बदलाव करेगा। हालांकि वर्तमान में मोदी लहर चल रही है, ऐसे में कुछ नहीं होने वाला, भाजपा के आलोक शर्मा को रिकार्ड जीत मिलने के पूरे आसार हैं। इस तरह की बातचीत चाय की दुकानों पर चर्चा के दौरान सुनी जा रही हैं। सोमवार को एमपी नगर जोन वन स्थित चाय विला पर चाय की चुस्कियां लेने वाले



राहुल कटारे, सुमित यादव और कोपल सिंह के बीच चुनावी चर्चा सुनी गई। यहां चाय पी रहे राहुल ने भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को सही बताया, वहीं कोपल ने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार इस बार भी रिकार्ड मतों से जीतेगा। पास ही खड़े सुमित यादव ने कहा कि लंबे समय से भोपाल सीट से भाजपा के उम्मीदवार को जीत मिली है, ऐसे में बदलाव होना चाहिए। अगर एक ही पार्टी के उम्मीदवार को लगातार जीत मिलेगी, तो इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ेगा। इस बार मतदाताओं को चाहिए कि वह उम्मीदवार का बदलाव करें।

## जो हो न सका...

# अपनी पहचान को तरस रहा मिंटो हाल से विस्थापित एशिया का सबसे बड़ा मछली घर




मिंटो हाल से भदभदा रोड पर दस साल पहले विस्थापित किए गए एशिया के सबसे बड़े मछली घर को अभी तक स्वयं का भवन नसीब नहीं हो पाया है। अब लोग भूलते जा रहे हैं कि भोपाल में भी कभी मछली घर हुआ करता था। जबकि इस भवन को बनाने के लिए 50 करोड़ की धनराशि तत्कालीन मंत्री परिषद की बैठक में मंजूर हुई थी। वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा मिंटो हाल के करीब 4 दशकों से संचालित होते रहे मछली घर को भदभदा रोड स्थित मत्स्य विभाग के संचालनालय में शिफ्ट किया था। इसके बाद ही मछलीघर भवन बनाने के लिए बाकायदा 50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके लिए विश्व के कई देशों से नया भवन बनाने के लिए डिजाइन मांगी गई थी। साथ ही पिछले तीन सांसदों ने इस मछली घर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए कई घोषणाएं कीं। ताकि देश के सभी क्षेत्रों से यहां पर पर्यटक भ्रमण करने आ सकें। इसके लिए बाकायदा ऐपको द्वारा डिजाइन तैयार की गई थी। यह डिजाइन भी सभी देशों के मछली घरों का अवलोकन करने के बाद तैयार हुई थी। यह डिजाइन कई साल से मंत्रालय में पड़ी है, जिसे अभी तक स्वीकृति ही नहीं मिल पाई है। इधर, कैबिनेट का निर्णय होने के बाद अधिकारियों का दावा था कि अधिकतम 18 माह की अवधि में यह भवन तैयार होगा। क्योंकि यह निर्णय होते ही बाकायदा मत्स्य संचालनालय के बाजू में 4 एकड़ जमीन भी आरक्षित कर ली गई थी। उसके बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। लोगों को उम्मीद है कि अब यह भवन भी उसी श्रेणी में आ गया, जिसको लेकर लोग कहते हैं कि जो हो न सका।

### मिंटो हाल में था एशिया का सबसे बड़ा मछली घर

मिंटो हाल में एशिया का सबसे बड़ा मछली घर था। यहां की डिजाइन का अवलोकन करके ही जम्मू कश्मीर, हिमाचल यहां तक कि श्रीलंका की सरकारों ने भी अपने यहां पर मछली घरों के निर्माण करवाए हैं। बेल्जियम गिलास से सुसज्जित इस मछली घर के विस्थापन होने के बाद से इसका पूरा पर्यटन उद्योग एक प्रकार से बंद हो गया। अधिकारियों के अनुसार भदभदा रोड पर संचालनालय की बिल्डिंग में मछली घर शिफ्ट हुआ है तब से पर्यटन उद्योग आधा रह गया है। सिर्फ एक गैलरी में एक्वेरियम रखे हुए हैं और उन पर भी मछलियों के नाम तक नहीं चिपकाए गए हैं, ऐसे में यहां आने वाले सैलानी कैसे जान सकेंगे कि कौन सी मछली किस प्रजाति की है। जबकि विभिन्न देशों और प्रदेशों की अनेक प्रजातियों की मछलियां मिंटो हाल के एक्वेरियम में रहा करती थीं। जगह की कमी होने के कारण यहां पर सैलानियों का रुझान लगातार घटा है।

## बुजुर्ग मतदाता की बात...

# बुजुर्गों के लिए अब घर बैठे मतदान की सहूलियत भी अच्छी बात है...


सुखदेव अग्रवाल
उम्र-74 वर्ष
महामाया चौक, रायसेन

चुनावी चर्चाओं के बीच युवाओं में जहां जोश है, वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे भी खिले दिख रहे हैं। इसका प्रमुख कारण बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे वोट करने की सुविधा है। चुनाव के लिए वोटिंग की प्रक्रिया में बदलाव तो हुआ है। पहले पर्ची से वोट डालते थे, अब लोग मशीन से वोटिंग करते हैं। अब बुजुर्गों को घर बैठे मतदान करने की जो सहूलियत मिली है, वह बहुत अच्छी है। इससे मतदान केंद्र पर खड़े होने या लाइन में लगकर वोट करने की आवश्यकता नहीं होने से बुजुर्गों को आराम मिलेगा। इससे वोट देने वाले ऐसे बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ेगी। मेरे ख्याल से यह अच्छी बात है। इससे सभी बुजुर्ग मतदाताओं को लाभ मिलेगा।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मप्र में रोजगार के अवसर कम नौकरी मिलती है तो वेतन कम

मप्र में बेरोजगारी की मुद्दा प्रमुख रूप से रहेगा। यहां पर युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।



यदि कहीं कोई नौकरी मिलती है तो सैलरी कम होती है। इसके चलते यहां से युवा दूसके राज्यों में जाना पड़ता है। अगर हमें संसाधन मिलें तो हम यहां से कहीं नहीं जाए। लोकतंत्र में एक समझदार का वोट और एक कम समझदार का वोट बराबर होता है, समाज में राजनीतिक सोच समझ रखने वाले लोगों की बहुत कमी है। ऐसे में मैं सोच समझकर वोट करूंगी। मैं स्वयं मतदान करने जाऊंगी, साथ ही दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करूंगी।

**मुस्कान साहू युवा मतदाता**

### पहले पिछले बार के मेनिफेस्टो का अध्ययन करूंगी, फिर डालूंगी वोट

मैं पहली बार वोट करूंगी। इसके लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ी और वोट करने के



पहले मैं एक बार दोनों ही पार्टियों का मेनिफेस्टो जरूर देखूंगी। इसमें इस बात का अध्ययन करूंगी कि पिछले बार के मेनिफेस्टो में जो बातें कही गई थीं, वह पूरी हुई या नहीं, ऐसे नेता को चुनना पसंद करूंगी जो मेरे जैसे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने को लेकर अच्छी योजना लागू करे। बहुत से राजनीतिक दल जाति और धर्म की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन मैं इसे सही नहीं मानती, हालांकि कई लोग इससे प्रभावित हो जाते है। मैं लोकतंत्र के इस महापर्व में मैं मतदान अवश्य करूंगी। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करूंगी।

**प्रतीक्षा प्रजापति, युवा मतदाता**

### नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से मजदूर घायल

**नारायणपुर।** नारायणपुर में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आने से आमदई माइंस में कार्यरत मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर मुनेश पटेल छोटेडोंगर राजपुर का निवासी है। मजदूर आमदई खदान आर पाइंट में खाना खाने के लिए जा रहा था तभी मजदूर मुनेश पटेल का पांव आईईडी की चपेट में आ गया। घायल मजदूर को छोटेडोंगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। बता दें कि नक्सली शुरू से ही आमदई माइंस का विरोध करते आ रहे हैं और आए दिन वाहनों में आगजनी, गोली बारी, आईईडी ब्लास्ट और हत्या कर दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जौरा, अम्बाह और मुरैना में कार्यकर्ता सम्मेलन ऑको किया संबोधित

# कांग्रेस ने हमेशा सेना का अपमान कर मुरैना की जनता का अपमान किया : विष्णुदत्त

## प्रदेश महासचिव, पूर्व विधायक के बेटे समेत सैकड़ों भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को मुरैना लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में जौरा, अम्बाह और मुरैना में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं ने हमेशा सेना का अपमान कर मुरैना की जनता का अपमान किया है। मुरैना के हजारों सपूत



सरहदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मुरैना के कई जवानों ने भी देश की सीमाओं पर अपना बलिदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली पर हमेशा जवानों का हौसला बढ़ाने सीमाओं पर जाकर त्योहार मनाकर उनका मान-सम्मान बढ़ाते हैं, लेकिन राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह ने हमेशा सेना के शौर्य पर सवाल उठाया है। आज भारत में आतंकवादी आने से डरते हैं और नया भारत अब घर में घुसकर मारता है, क्योंकि अब देश में भाजपा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत में विकास की रफ्तार कम नहीं हो और और 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प पूरा हो सके।

सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल: भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक के बेटे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भानू प्रताप सिंह चिंटू, अभय प्रताप सिंह सिकरवार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पार्वती जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, क्षत्रिय महासभा के युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह सिकरवार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

### लोकसभा का यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच का है: तोमर

*कार्यकर्ता सम्मेलन में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से राम मंदिर निर्माण में हमेशा से रोड़े अटकाए हैं। लोकसभा का यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच का है। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण आज अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संभव हो पाई। कांग्रेस पहले कहती थी राम मंदिर बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। भाजपा ने कांग्रेस को तारीख भी बताई और राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया गया, लेकिन कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए उसे ठुकरा दिया।*



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुरैना में भरवाए आयुष्मान योजना के फार्म

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार शाम मुरैना के वार्ड-45 स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 88 वर्षीय भूरे सिंह तोमर के निवास पर पहुंचकर आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान के तहत आयुष्मान भारत योजना का फॉर्म*

### जांजगीर में दो तस्कर गिरफ्तार एक लाख का गांजा बरामद किया

**जांजगीर-चापा।** जांजगीर चांपा के जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड के पास से 10 किलो 605 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी ओडिशा के बलांगीर से नागपुर में ऊंचे दामों पर बिक्री किया



करते थे। यह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला बताया जा रहा है। सिटी कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया की सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड के पास दो व्यक्ति अपने पास गांजा रखे हुए है। बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों लोगों को पकड़ा। मौके पर रखे बैग की तलाशी की गई तो उसके अंदर गांजा भरा हुआ था। जिसमें से 10.605 किलो गांजा कीमती एक लाख सात हजार 566 रुपए जब्त किए हैं। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवर को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि आरोपी मुन्ना कुमार 26 वर्ष बिहार और गोविंद यादव निवासी उत्तरप्रदेश दोनों गांजा तस्करी का काम करते हैं। 29 अप्रैल को ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन से नागपुर जा रहे थे।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC
LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा (दो निविदा प्रणाली) – निम्नलिखित टूर पैकेजों के लिए ऑफबोर्ड सेवाओं का प्रावधान: (क) 'चार धाम एवं दो धाम यात्रा एक्स दिल्ली एवं एक्स हरिद्वार' (ख) 'लेह–लद्दाख एयर पैकेज' (ग) 'कश्मीर एयर पैकेज'। प्री–बिड मीटिंग: (क) के लिए: 02.05.2024 को 11:00 बजे (ख) के लिए: 13:00 बजे एवं (ग) के लिए: 15:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 08.05.2024 को 15:00 बजे। ई–मेल: monika.shankar@irctc.com
2. खुली ई–निविदा – रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्री, नजदीक विशाखापटनम (ए.पी.) में 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग एवं कनेक्शन। जमा करने की अंतिम तिथि: 08.05.2024 को 15:00 बजे।
3. खुली ई–निविदा सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2024/02 – फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.05.2024 को 15:00 बजे है एवं इन्हें 22.05.2024 को 15:15 बजे खोला जाएगा। ई–मेल: mobilecatg.tend@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp को देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।
शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हुआ तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।
ecatering.irctc.co.in
कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263/64; फैक्स: 011–23311259

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | आनंद विहार, दिल्ली डिवीजन में कोचिंग रखरखाव कॉम्प्लेक्स में हाई–स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट– लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,17,62,158.51/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,58,800/- मात्र |
| कार्य का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 22.05.2024 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली– 110055 |

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–998
दिनांक: 29.04.2024
1281/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उपमुख्यमंत्री का दावा, भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए

# नारायणपुर के अबूझमाड़ में मुठभेड़ के दौरान तीन महिला समेत कुल नौ माओवादियों को किया ढेर, शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नारायणपुर के अबूझमाड़ में मुठभेड़ के दौरान तीन महिला समेत कुल नौ माओवादियों के शव बरामद हुए हैं। मौके से एक एके-47 हथियार के साथ भारी मात्रा में गोला बारूद और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमावर्ती इलाके टेकमेटा और काकुर के जंगलों में यह मुठभेड़ हुई है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुताबिक, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए हैं। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए



हैं। घटनास्थल से एक AK-47 समेत भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। वहीं बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने नक्सल मुठभेड़ पर जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर हुए हैं। इनमें दो से तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं। नक्सलियों का शव लाने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। अभी भी सर्चिंग जारी है। करीब 50 नक्सलियों के होने की बात कही गई है।

### माओवादियों की शिनाख्त में जुटे

बीते सोमवार को डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम निकली थी। मारे गए माओवादियों की शिनाख्त की जा रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले बस्तर आईजी से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुठभेड में कई नक्सलियों के घायल होने की सूचना थी। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। सभी सुरक्षाकर्मी सुरक्षित हैं। गौरतलब हो कि इसी इलाके में देश का सबसे बड़ा नक्सली पुलिस मुठभेड़ हुआ था। जहां जवानों ने 29 नक्सलियों को मुठभेड़ में मारे गए थे। ज्ञात हो कि सोमवार को सर्चिंग पर निकले सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। इस मामले की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की है। मोर्चा संभालने के बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ों की आड़ लेते हुए वहां से फरार हो गए। मुठभेड़ खत्म होने के बाद जवानों ने घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया।

पुलिस ने अज्ञात माता-पिता पर प्रकरण दर्ज किया

# ग्रामीण के आंगन में मिला मुंह में टेप लगा नवजात शिशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छत्तीसगढ़

जशपुर जिले के बागबहार थाना इलाके में बीती रात ग्रामीण के आंगन में एक नवजात शिशु मिला है जिसे लोकलाज़ के भय से किसी ने फेंक दिया। ग्रामीणों ने नवजात को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने सूचना मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, यह मामला धुमहाढोढा गांव का है, जहां बीती रात अज्ञात मां-बाप ने अपनी नवजात बेटी को महेश राम के आंगन में फेंककर चले गए। रात एक बजे के करीब बच्ची की रोने की आवाज सुनकर रमेश भगत घर से बाहर निकला और अपने ही आंगन में बच्ची को कपड़े में लिपटा देखा और यह देखकर उसकी भी रूह कांप गई कि नवजात बच्ची के मुंह में टेप चिपका हुआ था। रमेश भगत ने पत्नी को जगाया और दोनों रात में ही बागबहार सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने कम वजन की बच्ची का इलाज़ शुरू किया। इस घटना से आसपास के इलाके में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के लोग निर्मोही मां-बाप की तलाश करने में जुट गए हैं। बागबहार पुलिस ने इस मामले में अज्ञात मां-बाप के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## चिंतन

# सभी वैक्सीन सुरक्षित हों जीवन से न हो खिलवाड़

कोरोना का टीका कोविशील्ड की निर्माता ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कबूलनामा डराने वाली है। विश्व भर में ढाई अरब डोज कोविशील्ड टीके की दी गई, भारत में करीब 1.7 अरब डोज दी गई। कोरोना के विभिन्न टीके लगने के बाद विश्व के विभिन्न हिस्से से अचानक मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन किसी भी मेडिकल बॉडी ने घोषित तौर पर यह नहीं कहा है कि ऐसे मौतें कोविड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हुई हैं। अब कोविशील्ड टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में खुद स्वीकार किया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या (टीटीएस) को घटा सकता है। टीटीएस के परिणाम संभवतः जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना आदि शामिल हैं। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से लोगों को लगाया गया था। यूं तो मॉडर्न मेडिसिन के साइड इफेक्ट्स जगजाहिर हैं, लेकिन ये नियंत्रित और अल्प हैं, इनमें जीवन रक्षक की अधिक खूबिया हैं। लेकिन टीके के मामले में अधिक गंभीरता की आवश्यकता है। टीका बचाव के लिए स्वस्थ आदमी को भी लगता है, इसलिए इसके सुरक्षित होने की गारंटी जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के मुताबिक एक टीका के विकास, ट्रायल, अध्ययन आदि के लिए औसतन दस वर्ष निर्धारित हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान कोविड टीके को जिस जल्दबाजी में डब्ल्यूएचओ और विश्व की केंद्रीय सरकारों व ड्रग नियामकों ने मंजूरी दी, वह अपने आप में सवाल है। कोविड से पहले जीका, इबोला समेत दो सौ से अधिक वायरस सामने आए हैं, जिसने विश्व के अलग-अलग क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन इन वायरसों के टीके के लिए फार्मा कंपनियां, डब्ल्यूएचओ और सरकारों ने तत्परता नहीं दिखाई, जबकि कोविड के दौरान दिखाई। स्पेनिश फ्लू के मामले एक शताब्दी पहले आ चुके, इसके बावजूद वायरस के टीके नहीं बनाए। कोविड के टीके महामारी के दौरान ही आ गए। कोविड टीके के लिए ट्रायल के नियमों में संशोधन तक किया गया। बेशक कोविड टीके के चलते करोड़ों लोगों की जान बची हो, लेकिन इसके दुष्प्रभाव के चलते अगर सौकड़ों लोगों की ही जिंदगी खतरे में है, तो भी यह मानवता के प्रति अपराध ही है। इसलिए दवा निर्माण को नियंत्रित करने वाले सभी नियामकों –सरकार, ड्रग कानून, डब्ल्यूएचओ को अधिक जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। टीका बनाने वाले वैज्ञानिकों व फार्मा कंपनियों को अधिक जवाबदेह बनने की जरूरत है। आखिर मानव जीवन का सवाल है। किसी भी रोग की कोई भी दवा बनती है, तो इसको मंजूरी देने से पूर्व के सभी स्तर पर और भी कड़े मानकों का पालन किया जाना चाहिए। आज विश्व में अनेक दवाएं हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स हैं। ऐसी दवाओं से निजात पाने की आवश्यकता है। मुनाफे के लिए मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। कोविड टीटा लग जाने के बाद अब दुष्प्रभाव का सरकारी स्तर पर अध्ययन होना चाहिए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित किया जा सके। सभी वैक्सीन सुरक्षित होनी चाहिए। फार्मा उद्योग को अधिक नैतिक बनने की जरूरत है। किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए।



## मुद्दे
रवि शंकर

# स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों नहीं

**चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चर्चा मौन है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है।**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विकरालता की चर्चा मौन है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है इससे हम सब बखूबी वाकिफ हैं। देश को आजाद हुए लगभग 77 साल हो गए, लेकिन आज भी मेडिकल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि देश की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। देश में अस्पतालों और डॉक्टरों की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से बहुत कम है और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और दूसरे सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के चलते अपने देश में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं।

चुनावी मौसम में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को हर तरीके से रिझाने में लगी हुई हैं। देश की राजनीति धर्म, जाति, ग़रीबी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं जिक्र नहीं हो रहा है। हर साल करोड़ों भारतीय इलाज संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख मुद्दा गौण रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। कहते हैं कि असली भारत गांव में बसता है, मगर गांव के लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले चिकित्सा केंद्र 21 सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल एक्सपर्ट की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की की कितनी भी दावे किए जाएं पर गांव में करीब 60 से 70 फ़ीसदी चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत खुशहाल भारत कैसे बनेगा। ये एक बड़ा सवाल है। भले सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं,



जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए, लेकिन ऐसी सलाह पर कौन ध्यान देता है। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया गया। ये विडंबना तब है जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।

भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसदी हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है,जो 141 करोड़ आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। साफ है, दूसरे विकसशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा भारत कब हासिल करेगा इसके लिए कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें ये उपहार देना होगा। हमारा देश दिल, किडनी और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। डायबिटीज के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। नेशनल हेल्थ सर्वे में ये बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। खैर, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको ये पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। इसके साथ ही उनको ये भी पता था कि यह कार्य एक-दो साल में संभव नहीं है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की जरूरत है, क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व मजदूर दिवस
योगेश कुमार गोयल



# आज भी हाशिये पर श्रमिक


उद्योग, व्यापार, भवन निर्माण, पुल, सड़कों का निर्माण, कृषि इत्यादि समस्त क्रियाकलापों में श्रमिकों के श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है और वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। समाज के इसी वर्ग के लिए प्रतिवर्ष 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। भारत में श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत किसान मजदूर पार्टी के कामरेड नेता सिंगारावेलू चेट्यार के सुझाव पर 1 मई 1923 को हुई थी। उनका कथन था कि चूंकि दुनियाभर के मजदूर इस दिन को मनाते हैं, इसलिए भारत में भी इसे मनाया जाना चाहिए। इस प्रकार भारत में 1 मई 1923 से मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप मान्यता दी गई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्केट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया।



मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कर्म को ही पूजा समझने वाला यह वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढेरों लुभावने वादे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी, किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यही मजबूरी होती है कि यदि वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा? देश की स्वाधीनता के साढ़े सात दशक से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। भले ही इस संबंध में कई कानून बने हैं, किन्तु श्रमिक वर्ग की समस्याएं इसके बावजूद कम नहीं हैं। हालांकि सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए। जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में कहें तो इंसानियत को ऊपर उठाने वाले सभी श्रमिकों की अपनी प्रतिष्ठा और महत्व है, अतः श्रम साध्य उत्कृष्टता से किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ ङोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियां की चीजों की कामना करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हानिकारक हैं शिक्षा क्षेत्र के भर्ती घोटाले

हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार इस कद्र फैला है जो कानून के जरिए अब समाप्त होना भी मुश्किल ही लगता है। भ्रष्टाचार भावी पीढ़ी के कैरियर को भी ग्रहण लगा रहा है और मेहनतकश युवाओं के कैरियर के सपनों को भी चकनाचूर कर रहा है। हाल ही में कोलकाता में शिक्षा के क्षेत्र में घोटाले की खबर सुर्खियों में है। हालांकि इस भर्ती की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बहुत ही अच्छा किया कि इसने शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया, लेकिन कोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए कि आटे के साथ घुन तो नहीं पिस गया, अर्थात जो लोग मेहनत से भर्ती हुए होंगे, उन्हें इंसाफ कैसे मिलेगा? शिक्षा के क्षेत्र में भर्ती घोटाले देश के लिए हानिकारक हैं।

*– मानक बैनर्जी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य निवेश है लागत नहीं

स्वास्थ्य एक निवेश है, लागत नहीं। यही कारण है कि स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों को अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए, और देश के विकास और समृद्धि के लिए स्वास्थ्य को नींव के रूप में उपयोग करना चाहिए।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक



### ट्रंप ने सीखा

डोनाल्ड ट्रंप ने सीखा कि अमीर बनने का सबसे अच्छा तरीका विरासत में प्राप्त करना है। जब मैं अर्थव्यवस्था को देखता हूं, तो मैं इसे मार-ए-लागो की नजर से नहीं देखता। मैं इसे स्क्रैंटन की आंखों से देखता हूं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति



### जीवन मन के लिए नहीं

आपके भीतर का जीवन आपके शरीर, मन या भावना की सेवा के लिए नहीं है। शरीर, मन और भावनाएं जीवन की सेवा के लिए हैं। हर चीज़ को वैसे ही देखना जैसे वह है, आपको जीवन में सहजता से चलने की शक्ति और क्षमता प्रदान करता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### आपका दिमाग एक चुंबक

आपका दिमाग एक चुंबक है। अपने आशीर्वाद पर ध्यान केंद्रित करें और वे आएंगे, अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें और वे दस्तक देंगे। हमेशा अच्छे विचार और सकारात्मकता विकसित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# पश्चिमी मीडिया भारत की प्रगति नहीं देख पा रही

अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय–अमेरिकी शिक्षविद डॉ.अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।' मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं।



## ऑफ बीट

# हमेशा बने रहने वाले रसायन के बढ़े खतरे

एक ऐतिहासिक कानूनी समझौते ने एक बार फिर हमारा ध्यान 'हमेशा बने रहने वाले रसायनों' के खतरों पर केंद्रित कर दिया है। रसायनों का यह वर्ग, जिसे तकनीकी रूप से पर–एंड पॉलीफ्लोरोएल्किल पदार्थ या पीएफएएस के रूप में जाना जाता है, का व्यापक रूप से नॉनस्टिक या जलरोधक उत्पाद बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। समस्या यह है कि यह रसायन पर्यावरण में आसानी से घूमते हैं, भूजल और नदियों को प्रदूषित करते हैं, अक्सर कैंसरकारी होते हैं – और वे नष्ट नहीं होते हैं। इस महीने, इन रसायनों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, 3एम ने पीएफएएस–दूषित जलमार्गों को साफ करने के लिए 16 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश की थी, जिसे अमेरिकी अदालत ने मंजूरी दे दी थी। यह पूरे अमेरिका भर में पीएफएएस मुकदमों की श्रृंखला में नवीनतम है। हालाँकि बढ़ा हुआ ध्यान स्वागतयोग्य है, लेकिन सफलता की कोई गारंटी नहीं है। अकेले अमेरिकी राज्य, मिनेसोटा में अपशिष्ट जल धाराओं से पीएफएएस को हटाने और नष्ट करने पर 20 वर्षों में कम से कम 21 अरब डॉलर की लागत आएगी। विश्व स्तर पर, रासायनिक सुरक्षा गैर–लाभकारी संस्था केमसेक की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि अकेले पीएफएएस उपचार की लागत लगभग 26 खरब डॉलर प्रति वर्ष है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा

# आजकल मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे आज कांग्रेस की पहचान... केवल विश्वासघात करना



एजेंसी ▶▶ उस्मानाबाद

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। उस्मानाबाद की जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। आपने 10 साल पहले का समय देखा है, आज भी देख रहे हैं। आज दुनिया उस भारत को जानती है जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब किसानों की खाद भी लूट जाती थी। किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। हमने खाद पर किसानों को 2.5 लाख करोड़ की सब्सिडी दी है।

पीएम ने ये भी कहा कि जिनके घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी से गुस्सा होंगे या नहीं? वे मोदी को गालियां देंगे या नहीं? इनकी हालत यह है कि झूठ नहीं चलता है तो एआई के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। ये फेक वीडियो बना रहे हैं। मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ कांग्रेस इतनी कंगालियत पर पहुंच गई है कि उसको पराजय का भय सता रहा है।

10 साल पहले का भी समय देखा है

*कांग्रेस सरकार में किसानों को लाठियां खानी पड़ती थीं, आज 2.5 लाख करोड़ की सब्सिडी मिल रही*



### मैं आपका जीवन बदलना चाहता हूं, 'वे' मोदी को बदलना चाह रहे

पीएम मोदी ने कहा कि जिसका चंद्रयान वहां पहुंचता है, जहां कोई नहीं पहुंचा। जो भारत एक साथ 100 सैटेलाइट भेजता है। वह भारत, जो गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। वो भारत, जिसने मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन बनाई। वो भारत, जो बड़े से बड़े युद्ध से भी अपने नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर लाता है। पीएम ने कहा कि आपका जीवन बदलने के लिए दिन-रात काम करता है। इंडी गठबंधन वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं।

### हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बड़ा मिशन

महाराष्ट्र के माढा में पीएम ने लोगों से वोटिंग की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लटकाई 100 परियोजनाओं में से 63 हमने पूरी की हैं। हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बहुत बड़ा मिशन है। विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। वे गांव की अपनी बहनों को सशक्त करने में जुटा है। बीते 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से 1 करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। उन्होंने कहा कि अब मोदी ने गारंटी दी है कि मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा।

### देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

महाराष्ट्र में विशाल जनसभा में मोदी ने कहा, बीते 10 साल में आपने जब से मुझे काम दिया है, मैंने अपने शरीर का कण-कण और समय का पल-पल आपकी सेवा में लगाया है। आज देश के लोग, महाराष्ट्र के लोग, मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल में अंतर देख रहे हैं। कांग्रेस 60 वर्षों में जो नहीं कर पाई, आपके इस सेवक ने 10 साल में करके दिखाया है। 60 साल में आपने कई बार कांग्रेस के कई पीएम और नेताओं के मुंह से एक ही बात सुनी होगी कि गरीबी हटाएंगे, लेकिन गरीबी हटाई नहीं और आपके आशीर्वाद से हमने 10 साल में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। आज भाजपा सरकार रेल, रोड, एयरपोर्ट पर अभूतपूर्व खर्च कर रही है। भाजपा-एनडीए सरकार, महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए काम कर रही है।


### केंद्रीय मंत्री गोयल ने मुंबई उत्तर सीट से भरा नामांकन

मुंबई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोयल ने महाराष्ट्र केसीएम एकनाथ शिंदे के साथ बांद्रा में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे गोयल अभी राज्यसभा में सदन के नेता हैं। यहां पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने दावा किया कि कांग्रेस बिना किसी नेतृत्व या नीति के एक 'नाकाम' पार्टी है।



### अनंतनाग-राजोरी सीट पर अब 25 मई को होगा मतदान

चुनाव आयोग ने अनंतनाग-राजोरी लोकसभा सीट (जम्मू-कश्मीर) में मतदान की तारीख में संशोधन किया है। पहले यहां सात मई को चुनाव होना था, लेकिन अब यहां छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट का चुनाव टालने के लिए भाजपा, अपनी पार्टी, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी), पीपुल्स कांफ्रेंस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों तथा प्रत्याशियों की ओर से दिए गए प्रत्यावेदन का चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया था। चुनाव टालने के लिए दिए गए प्रत्यावेदन में सभी ने खराब मौसम के कारण मुगल रोड के बंद होने को आधार बनाया था।



### पीएम के 'भटकती आत्मा' बयान पर भड़के शरद पवार

मुंबई। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के खिलाफ की गई पीएम की टिप्पणी से महाविकास अघाड़ी के नेता खफा हैं। उन्होंनेपीएम की जमकर आलोचना की। एक दिन पहले पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पवार को भटकती आत्मा बताया था। हालांकि, पीएम ने पवार का नाम नहीं लिया था। पीएम की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए पवार ने कहा कि पीएम मोदी आजकल मुझ पर काफी गुस्सा हैं। एक वक्त था, जब उन्होंने कहा था कि वे मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए हैं।


पीएम मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

## जाति, पंथ और मजहब के आधार पर नहीं हो राजनीति



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इंसाफ और इंसानियत राजनीति का आधार होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए देश को जाति और धर्म में बांट दिया। उनका कहना था कि हमारे पास धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है, लेकिन लोगों को गुमराह कर उनका समर्थन हासिल करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है और आज भी वे ऐसी फॉर्मूले पर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि समय के साथ उनका वजूद खत्म हो रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने काफी सोच-समझकर ऐसा कहा था।

## गुवाहाटी में बोले गृहमंत्री शाह: धर्म के आधार पर आरक्षण गैरसंवैधानिक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा शुरू से ही एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण की समर्थक है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी हमेशा इसके संरक्षक के रूप में भूमिका निभाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण का कभी भी समर्थन नहीं करती। उन्होंने यह बात मंगलवार को गुवाहाटी स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय (अटल बिहारी वाजपेयी भवन) में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता आदि मौजूद रहे। भाजपा स्पष्ट रूप से मानती है कि धर्म के आधार पर आरक्षण गैर संवैधानिक है और जब भी इन राज्यों में हमारे पास अधिकार आएगा हम ये धर्म के आधार पर लादे गए आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को न्याय दिलाने का काम करेंगे।




### कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही

शाह ने कांग्रेस पर झूठ और भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण में किसी एक राजनीतिक दल ने अगर डाका डाला है तो वो कांग्रेस पार्टी ने डाला है। सबसे पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया। उसके कारण ओबीसी का आरक्षण कटा। उसके बाद में कर्नाटक में रातों-रात कोई सर्वे किए बगैर और पिछड़ापन तय किए बगैर सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में डालकर उनके लिए 4 प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया। इससे भी पिछड़ा वर्ग का रिजर्वेशन कटा है।

### शिवमोगा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का विपक्ष पर बड़ा हमला

कर्नाटक के शिवमोगा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए 400 पार कर रही है। भाजपा और एनडीए को मिल रहे समर्थन से विपक्ष परेशान है। वे गहरे अवसाद में हैं। इसी वजह से वे समाज को विभाजित करने वाली राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में क्या किया? बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण प्रदान नहीं कर सकता। विपक्ष अलगाववादी रवैए और विभाजनकारी ताकतों के साथ, तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा है। वे अब निराश हैं। वे डीपफेक वीडियो ला रहे हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं और उनकी पार्टियों को कोई शर्म नहीं आती।



### विपक्ष अलगाववादी रवैए और विभाजनकारी ताकतों के साथ

*आंध्र विधानसभा के लिए एनडीए घोषणापत्र जारी*

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने मंगलवार को संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। पत्र में एनडीए ने पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन देने का वादा किया। गठबंधन ने बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता देने का भी वादा किया। टीडीपी ने इससे पहले सुपर सिक्सकी घोषणा की थी, जिसमें महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, प्रति वर्ष हर घर तीन मुफ्त सिलेंडर और प्रति वर्ष स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे को 15,000 रुपए देना शामिल है। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी, जन सेना और भाजपा गठबंधन में हैं।

**इंडी अलायंस का पीएम उम्मीदवार कौन :** नड्डा ने तेलंगाना के कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैली में इंडी अलायंस पर कटाक्ष किया है। नड्डा ने कहा, एनडीए चुनाव जीती तो नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे, पर कोई नहीं जानता कि इंडी गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है?

---

### खबर संक्षेप

#### दिल्ली में बिश्नोई-गोदारा गैंग के 2 गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर विशाल-रवि को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों के पैरों में गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रवि और विशाल की हाल ही में रोहतक में स्क्रैप डीलर सचिन की हत्या में तलाश हो रही थी।

#### शराब पीते-पीते मामा ने भांजे को मार डाला

**झालावाड़।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक कस्बे में पैसों के लेन-देन को लेकर शराब के नशे में हुए झगड़े के दौरान 19 वर्षीय एक युवक की उसके मामा ने हथौड़ा मार कर हत्या कर दी। घटना भवानी मंडी थाना क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को हुई। आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार को सौंप दिया है।

### मुख्यमंत्री यादव ने चुनावी सभा में कहा- 5 हजार साल पहले भी गाली बकने वाला शिशुपाल

# कांग्रेस को गाली देने दो, 7 मई को आपकी अंगुली पर भी 'सुदर्शन चक्र' आने वाला है



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विदिशा, मुरैना व भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सघन चुनावी दौरे पर रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिसने किसी का कुछ नहीं बिगाड़ा, जो देश के लिए जी रहे हैं, कांग्रेस के लोग उन्हें रोज गाली बक रहे हैं। 5 हजार साल पहले भी गाली बकने वाला शिशुपाल था। जैसे ही उसकी 100 गाली पूरी हो गई, सुदर्शन चक्र से उसका काम तमाम हो गया। ऐसे ही कांग्रेस को जितनी गाली बकना है, बक लेने दो। 7 मई को भी सुदर्शन चक्र आने वाला है। डॉ. मोहन यादव विदिशा, मुरैना व भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सघन चुनावी दौरे पर थे।

सीएम ने कहा कि इस बार तीसरा वोट देश के मान-सम्मान, उन्नति, प्रगति के साथ मथुरा के लिए पड़ना चाहिए। 2029 का चुनाव आते-आते मथुरा धाम भी जगमगाएगा

प्रधानमंत्री को कोई गिफ्ट देता है, तो उसे नीलाम करके काशी में गंगा माता की सफाई के लिए लगा देते हैं


श्योपुर के प्रेमसर में सीएम ने सभा की, यहां उनका स्वागत हुआ।

### श्योपुर जिले का नाम बदलेगा, अब होगा 'शिवपुर'

डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर जिले का सही नाम शिवपुर है। बोलने में इसका नाम श्योपुर हो गया। आप चाहोगे तो इसका विधानसभा में संशोधन करके इसका नाम शिवपुर कर देंगे। बाबा महाकाल का मिलता-जुलता एक नाम शिव है। ऐसे नाम को सही रूप में लें तो आनंद आएगा। हमारे महाकाल का महालोक में महा आनंद आया था, तो श्योपुर का नाम शिवपुर होना चाहिए।

#### *भाजपा ही है कि मुझ जैसे लोगों को मुख्यमंत्री बनाया*

*यादव ने कहा कि मैं उत्तरप्रदेश, झारखंड के दौरे पर गया, तो वहां लोग बोलते हैं कि आपको मुख्यमंत्री कैसे बना दिया? मैंने कहा जिनको भी सीएम बनना है, भाजपा में आ जाओ। ये भाजपा सब का सम्मान करती है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी इसी ग्वालियर अंचल से ही आते हैं। वे तो प्रधानमंत्री बने। गरीब आदमी का बच्चा प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनना चाहिए। ये हक सिर्फ भाजपा देती है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा जिसकी बुद्धि चली जाती है वह नेतृत्व लायक नहीं बचता।*

### सुप्रीम कोर्ट: पतंजलि केस में अब आईएमए मुश्किल

## 'गंभीर परिणाम' की चेतावनी दी डॉक्टरों को भी आड़े हाथ लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिशन को भी आड़े हाथों लिया है। अदालत ने आईएमए को भी नसीहत देते हुए कहा था कि आपको अपने डॉक्टरों के बारे में भी विचार करना चाहिए। अकसर वे महंगी और गैर-जरूरी दवाएं मरीजों को लिख देते हैं।

इसके अलावा बेंच ने कहा था कि यदि आप एक अंगुली किसी की ओर उठाते हैं तो बाकी आपकी ओर भी उठती हैं। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने कोर्ट की टिप्पणियों पर सवाल उठाए थे। अशोकन ने कहा था कि यह भाषा ठीक नहीं है। मंगलवार को पतंजलि और बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा, उनका कहना था कि अदालत हमारी ओर अंगुली क्यों उठा रही है? कोर्ट की टिप्पणियां एकतरफा हैं और उसे इस तरह का बर्ताव नहीं करना चाहिए।



#### रिकॉर्ड में रखने को कहा

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ है तो आप रिकॉर्ड में रखिए। बेंच ने कहा कि यदि ऐसा कुछ भी है तो उसके परिणाम फिर उससे भी गंभीर होंगे, जो अभी चल रहा है। बाबा रामदेव और पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की अर्जी आईएमए ने डाली थी।

#### लाइसेंसिंग प्राधिकरण की खिंचाई की?

सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने मामले में निष्क्रियता के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण की खिंचाई की।

---

### ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट के बारे में विशेषज्ञों ने किया साफ

# कोविशील्ड लगवाने वाले डरें नहीं, साइड इफेक्ट को हर आदमी अपने से न जोड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन की जिस ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट खून के थक्के जमने की बात इस वक्त पूरी दुनिया में हो रही है। उससे अपने देश के लोगों में भी डर पैदा हो रहा है। कोरोना से बचाने के लिए देश में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को कोविशील्ड के नाम से लगाया गया था।

अब जब ब्रिटेन के हाई कोर्ट में एस्ट्राजेनेका ने साइड इफेक्ट की बात कबूल की है तो उन देशों में भी दहशत होने लगी है जहां पर इन वैक्सीन का इस्तेमाल हुआ था। भारत में वैक्सीन की मॉनिटरिंग करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि इस रिपोर्ट से बेवजह घबराने की बिलकुल जरुरत नहीं है। क्योंकि जिस




◆ मुख्य महामारी विशेषज डॉ. पांडा ने दी सलाह

साइड इफेक्ट की बात सामने आ रही है वह अन्य वैक्सीन में भी होता है।देश के मुख्य महामारी विशेषज्ञ रहे और आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीरन पांडा ने कहा कि लोगों को न तो डरने की जरूरत है।

- **सवाल: एक्स्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उनकी इस वैक्सीन का साइड इफेक्ट है। यह खून के थक्के जमा रही है?**
- **जवाब:** देखिए, सबसे पहली बात तो हमें यह समझनी चाहिए कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने कहा क्या है? क्या यह कहा गया है कि वैक्सीन लेने वालों में खून के थक्के जम रहे हैं। आप उसको ऐसे समझिए कि किसी भी तरह की वैक्सीन के अपने साइडइफेक्ट होते हैं। लोगों को बेवजह डरने की जरूरत नहीं है।
- **सवाल: अब तो वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने ही इसके बड़े साइड इफेक्ट बताए हैं। ऐसे में डर तो स्वाभाविक है?**
- **जवाब:** यह बात सही है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने इसके साइड इफेक्ट बताए हैं। लेकिन यह एक साइंटिफिक एविडेंस है। साइंटिफिक एविडेंस को हर व्यक्ति खुद से जोड़कर नहीं देख सकता। क्योंकि किसी भी तरीके के ड्रग डेवलपमेंट या वैक्सीन डेवलपमेंट में इस तरीके के साइंटिफिक एविडेंस आते ही हैं।
- **सवाल: लोगों में डर है कि अब तो खून के थक्के जमने वाली एक नई बात सामने आई है?**
- **जवाब:** पहली बात तो इस बात को लोगों को स्पष्ट रूप से समझना चाहिए की वैक्सीन का अचानक हार्ट अटैक से कोई लेना-देना नहीं है। शोध में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वैक्सीन का सडन कार्डियक अरेस्ट से कोई संबंध नहीं है। देश और दुनिया के सभी वैज्ञानिकों को पता है कि किसी न किसी दवा या वैक्सीन के साइडइफेक्ट तो होते ही हैं।
- **सवाल:** दरअसल यह वैक्सीन पूरी दुनिया में लगाई गई है। उसके साइड इफेक्ट से हर व्यक्ति खुद को जोड़कर देख रहा है?
- **जवाब:** यह बात बिल्कुल सही है कि दुनिया भर में कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को लेकर न सिर्फ यह वैक्सीन बनाने वाली कंपनी बल्कि इसका इस्तेमाल करने वाले देश में कंसर्न बना हुआ है। लोगों को सिर्फ डरने की बजाए इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए कि क्या यह क्लॉटिंग जानलेवा भी है या नहीं?
- **सवाल: वैक्सीन लगवाने वालों में कितने प्रतिशत में क्लॉटिंग हुई है और कितनी मौते हुई हैं?**
- **जवाब:** इस पर दुनिया भर में शोध हो रहा है। लेकिन यह बात बिल्कुल तय है कि न तो क्लॉटिंग का प्रतिशत ज्यादा है और न ही इससे दुनिया भर के अलग अलग देशों में मौतें हुई हैं।
- **सवाल: वैक्सीन के बड़े साइड इफेक्ट को लेकर कभी कोई संशय रहा?**
- **जवाब:** पूरी दुनिया के सामने इस बीमारी बचाव को लेकर आने को चुनौतियां थी। उसे दौर में वैक्सीन का डेवलप होना ही सबसे सफल और कारगर तरीका था। जिस वैक्सीन को पूरी दुनिया ने लगाया उसमें बाकायदा सफल क्लिनिकल ट्रायल किए गए थे। इसलिए न कोई शंका रही और न कोई संशय था। इस वैक्सीन पर फिलहाल न कोई पहले शक था न अब है।
- **सवाल: अपने देश में जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन लगवाई है उनके लिए कहेंगे?**
- **जवाब:** मैं फिर कहता हूं कि साइंटिफिक एविडेंस हर ड्रग डेवलपमेंट के दौरान करना ही होता है। इसलिए साइड इफेक्ट की बात का स्वीकार करना यह बिल्कुल साबित नहीं करता है कि हर वैक्सीन लगवाने वाले को यह खतरा है। यह बिल्कुल उसी तरीके से है कि आप किसी भी तरीके की दवा का इस्तेमाल करते वक्त उसका सकारात्मक पहलू देखते हैं या नकारात्मक पहलू। वैक्सीन के साइड इफेक्ट से हर आदमी अपने आपको जोड़कर न देखे। इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वैक्सीन से ही जीवन बचा है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

# आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक सीजन में बनाए 500 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व क्रिकेट में अपना बड़ा नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनका बल्ला खूब चला है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने भारत की इस फ्रेंचाइजी लीग में कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। कोहली ने 7 बार किसी एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

### आईपीएल 2024 में पूरे किए 500 रन

कोहली इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने आईपीएल 2024 में भी अपने 500 रन पूरे किए और वह इस सीजन में ये आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस सीजन में 10 मैचों में ही ये आंकड़ा छू लिया। कोहली इस सीजन में 1 शतक और 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 113 रन की पारी खेली थी।



**2011 में** 16 मैचों में 46.41 की औसत और 121.08 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए थे।
**2013 में** 16 मैचों में 138.73 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाए थे।
**2015 में** 16 मैचों में 45.9 की औसत और 130.82 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए थे।
**2016 में** 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 की स्ट्राइक रेट से रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।
**2018 में** 14 मैचों में 139.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 530 रन बनाए थे।
**2023 में** 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे।



## आईपीएल में किसी एक मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन ने गेंदबाजी में अहम उपलब्ध हासिल की है। नरेन ने ईडन गार्डन स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 24 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

**नरेन ने ईडन गार्डन में लिए 69 विकेट**
आईपीएल में नरेन ने ईडन गार्डन में 58 मैचों में 19.94 की औसत और 6.32 की इकॉनमी रेट के साथ 69 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा है। बता दें कि इस लीग में एमआई का प्रतिनिधित्व कर चुके मलिंगा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 43 मैचों में 68 विकेट लिए थे। इस सूची में अमित मिश्रा अरुण जेटली स्टेडियम में 58 विकेट ले चुके हैं।

**पांच विकेट हॉल में लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं नरेन**
नरेन ने केकेआर की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2012 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच में 19 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। यह इस ऐतिहासिक मैदान पर आईपीएल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## खबर संक्षेप

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से कोलकाता में

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर आज बुधवार से यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

### नडाल ने केचिन को हराया, स्वियातेक महिला क्वार्टर फाइनल में




**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी।
नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत 11वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने पांचवीं वरीय मारिया सकारी को 6-4, 6-4 से हराया।

## मुंबई को 4 विकेट से हराया, मोहसिन ने झटके 2 विकेट

# स्टोइनिस-गेंदबाजों ने प्लेआफ के लिए लखनऊ का दावा किया पुख्ता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया। पहले गेंदबाजों ने मुंबई को सात विकेट पर 144 रन पर रोक दिया । इसके बाद स्टोइनिस की 45 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर लखनऊ ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। स्टोइनिस ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। लखनऊ अब दस मैचों में छठी जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई की यह दस मैचों में सातवीं हार थी। लखनऊ की शुरूआत खराब रही और नुवान तुषारा ने चौथी की गेंद पर इंपैक्ट खिलाड़ी अर्शिन कुलकर्णी को आउट कर दिया। आईपीएल में पदार्पण मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस ने गेराल्ड कोएत्जी को लगातार दो चौके लगाये और उनके पहले ओवर में 15 रन निकाले। केएल राहुल ने तुषारा को तीन चौके और एक छक्का जड़कर 20 रन निकाले। वह 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पंड्या ने राहुल को पवेलियन भेजा जिनका कैच सीमारेखा के पास मोहम्मद नबी ने लपका। स्टोइनिस ने दीपक हुड्डा (18) के साथ 35 गेंद में 40 रन की साझेदारी करके लखनऊ को सौ रन के पास पहुंचाया। हुड्डा को भी हार्दिक ने आउट किया लेकिन स्टोइनिस ने 14वें ओवर में 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कोएत्जी ने एश्टोन टर्नर को आउट किया जबकि आयुष बडोनी रन आउट हो गए। निकोलस पूरन (नाबाद 14) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई ने पावरप्ले के भीतर ही चार विकेट गंवा दिये। निहाल वढेरा (46) और ईशान किशन (32) पांचवें विकेट के लिये 53 रन की साझेदारी करके भी टीम को बड़ा स्कोर नहीं दे सके।



### मुंबई-144/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ईशान का यादव बो बिश्नोई | 32 |
| रोहित का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 7 |
| पंड्या का राहुल बो नवीनुल हक | 0 |
| निहाल वढेरा बो मोहसिन | 46 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 |
| मोहम्मद नबी बो यादव | 1 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : आठ रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन
गेंदबाजी: स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीनुल 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2-0-13-0

### लखनऊ-145/6 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 |
| अर्शिन पगबाधा बो तुषारा | 0 |
| मार्कस का वर्मा बो नबी | 62 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 5 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 6 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 11 रन
कुल योग : 19 . 2 ओवर में छह विकेट पर 145 रन
गेंदबाजी: तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1



### आज होगी चेन्नई और पंजाब किंग्स में भिंड़त

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 49वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। ये मुकाबला 1 मई को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि इस सीजन पहली बार दोनों टीमों के बीच भिडंत होगी। आईपीएल आईपीएल 2024 में अब तक सीएसके ने 5 मैच जीते हैं और 4 में शिकस्त झेली है। पंजाब किंग्स की टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 3 मैच जीते हैं और 6 में हार का सामना किया है। इस मैच में सीएसके जहां जीत का परचम लहराते हुए अपनी जीत की लिस्ट में एक और जीत जोड़ने बेकरार है वहीं पंजाब किंग्स लगातार हार का सामना करने के बाद किसी भी हालत में यह मैच जीतकर अपने खिलाड़ियों और प्रशंसकों में जोश भरना चाहेगी। यह मैच आज बुधवार 1 मई को चेन्नई के एम चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

खास खबर

## राधा-हेमलता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दूसरा टी-20 19 रन से जीता

**सिलहट (बांग्लादेश)।** बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 19 रन से हरा दिया।

राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो दो विकेट मिले । बांग्लादेश के लिये सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत की ओर से आठवें ओवर में आई राधा ने बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और फाहिमा खातून को लगातार दो गेंदों पर चलता किया। वह हालांकि हैट्रिक नहीं लगा सकी और सुल्ताना खातून ने उन्हें चौका जड़ा। दीप्ति ने रितु मोनी को दूसरा शिकार बनाया जबकि राधा ने राबिया खान को आउट किया।

### बारिश के कारण लागू हुई डकवर्थ लुईस प्रणाली

जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (0) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद हेमलता ने 24 गेंद में 41 रन बनाये और भारत ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे जब दोबारा बारिश शुरू हो गई। हेमलता ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उस समय भारत डकवर्थ लुईस प्रणाली से 19 रन आगे था और बारिश के कारण आगे का खेल नहीं होने पर भारत को विजयी घोषित किया गया। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

### भारत ने ऐसे चटकाए बांग्लादेश के विकेट

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की दिलारा अख्तर ने रेणुका सिंह को पारी की दूसरी ही गेंद पर मिडविकेट में चौका लगाया। इसके बाद बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में चौका लगाया। पहले ओवर में 11 रन बनने के बाद अनुभवी स्पिनर दीप्ति ने अख्तर को पवेलियन भेजा। वह स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप में रेणुका को कैच दे बैठी।

## चीन ने उबेर कप में भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया

**चेंगदू (चीन)।** युवा सनसनी अनमोल खरब को टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा जबकि भारत की कमजोर महिला टीम को मंगलवार को यहां उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत पहले ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।

## वर्ल्ड कप विजेता इंग्लैंड की कमान संभालेंगे बटलर

**टी-20 विश्व कप 2024 : जोफ्रा आर्चर की हुई वापसी**

एजेंसी ▶▶ दुबई

इस साल टी-20 विश्व कप 2024 आगामी जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा की है। जोस बटलर के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा विल जैक्स और फिल सॉल्ट, टॉम हार्टले भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं। गत विजेता इंग्लिश टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 जून को स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगी। इंग्लिश टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पिछले विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। इंग्लैंड को विश्व कप से ठीक पहले अपने घर पर पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है।



### ऐसी है इंग्लैंड की टीम

विश्व कप के लिए इंग्लिश टीम: जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल सॉल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, सैम करन, जोफ्रा आर्चर, क्रिस जॉर्डन, मार्क वुड, रीस टॉपले, आदिल राशिद, टॉम हार्टले और बेन डकेट।

## रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक से बार्सीलोना ने वेलेंसिया को हराया



**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो डयूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया। मध्यांतर से टीम पहले वेलेंसिया के गोलकीपर जियॉर्जी ममारदाशविली को फाउल करने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद दूसरे हाफ में लेवानदोवस्की छाए रहे।

## विश्वनाथ, आकाश और प्रीत एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेफा में

एजेंसी ▶▶ अस्ताना (कजाखस्तान)

विश्वनाथ सुरेश, आकाश गोरखा और प्रीत मलिक ने मंगलवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

गत युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में ईरान के हसानी सेयेदर्शम को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। सीनियर राष्ट्रीच चैंपियन आकाश (60 किग्रा) ने भी ईरान के ही इबादी अरमान को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। प्रीत (67 किग्रा) को भी वियतनाम के एनगुएन डु एनगोक के खिलाफ जीत दर्ज करने के दौरान



अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और रैफरी ने पहले दौर में भी मुकाबला रोककर उन्हें विजेता घोषित कर दिया। कुणाल (75 किग्रा) हालांकि क्वार्टर फाइनल में ईरान के महशारी मोहम्मद के खिलाफ 0-5 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अंडर-22 सेमीफाइनल शनिवार को खेले जाएंगे।

### अन्य मुकाबले के ऐसे रहे परिणाम

सोमवार की रात, राहुल कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य राठी (+92 किग्रा), लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और सृष्टि साठे (63 किग्रा) ने युवा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 24 से अधिक देशों के लगभग 400 मुक्केबाज 25 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। युवा और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः छह और सात मई को होंगे।

## टी-20 विश्व कप में मार्करम करेंगे द.अफ्रीकी की कप्तानी

**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने एडेन मार्करम की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें कगिसो रबाडा और क्विंटन डिकॉक जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। दिलचस्प रूप से बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किए जा चुके क्विंटन डिकॉक और नोर्खिया को टीम में जगह दी है। डिकॉक ने विश्व कप 2023 के बाद से वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। नोर्खिया की बात करें तो वह आखिरी बार सितंबर 2023 में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इसके अलावा नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में नामित किया है। तेम्बा बावुमा को टीम में नहीं चुना गया है। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने अभियान की शुरुआत 3 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगी। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।



### द.अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीकी टीम: एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को येंसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्खिया, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**आईपीएल के माही ने रचा एक और इतिहास**

# सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में टॉप पर धोनी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 46वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा दिया। इसीके साथ टीम ने अपनी खोई हुई लय भी प्राप्त कर ली है। यह जीत सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए काफी अहम थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



### महेंद्र सिंह धोनी-150 मुकाबले

धोनी आईपीएल के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जो 150 मैच जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। साल 2008 में धोनी पहली बार सीएसके की टीम का हिस्सा बने थे और वह टीम के कप्तान भी थे। उनकी कप्तानी में सीएसके ने 5 बार ट्रॉफी अपने नाम की है और फ्रेंचाइजी 5 बार फाइनल तक भी पहुंची है। धोनी ने 135 मैच सीएसके के साथ और 15 मैच राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के साथ जीते हैं।



### रविंद्र जडेजा- 139 मैच

सीएसके के रविंद्र जडेजा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं। जडेजा ने अपना पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए साल 2008 में खेला था। उस सीजन आरआर ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। सीएसके के साथ इस खिलाड़ी ने 3 बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। जडेजा गुजरात लायंस और कोच्ची के लिए भी खेल चुके हैं। जीते हुए मैच में उन्होंने 1,183 रन बनाए हैं और इसके साथ 112 विकेट भी झटके हैं।

### रोहित शर्मा-133 मैच

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वह साल 2009 के सीजन में हैदराबाद की टीम के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं। इसके अलावा यह खिलाड़ी एमआई को भी अपनी कप्तानी में 5 बार साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी दिला चुका है। रोहित ने जीते हुए मैच में 38.03 की औसत से 3,918 रन बनाए हैं।

### दिनेश कार्तिक- 125 मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल में 125 मैच जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। हाल ही में वह रोहित और धोनी के बाद 250 आईपीएल मुकाबले खेलने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने थे। जीते हुए मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 2,219 रन बनाए हैं। कार्तिक पहले ही कह चुके हैं कि आईपीएल 2024 उनके आखिरी सीजन होगा। आईपीएल 2024 में इस खिलाड़ी ने 10 मैच में 371 रन बनाए हैं।

## नवनियुक्त भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा

# मेरा प्रयास नौसेना को मजबूत, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से 'ज्यादा उन्नत' बनाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार है।*

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से ज्यादा उन्नत बनाने का रहेगा। मैं नई स्वदेशी तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। मुझसे पहले पच्चीस नौसेना अध्यक्षों ने अपनी कर्मठता और समर्पण से हमारी नौसेना को युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित और भविष्य की ताकत बनाई है। त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है।



सेवानिवृत्त एडमिरल आर हरि कुमार (बाएं) से चार्ज लेने के बाद एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी (दाएं)

### नई प्रौद्योगिकियों को करेंगे पेश

नौसेना प्रमुख ने कहा कि वे आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए जारी प्रयासों को बढ़ाने को वह प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और 'विकसित भारत' की दिशा में राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को मजबूत करूंगा।

- *नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए खड़ी*
- *विकसित भारत के लिए चल रहे प्रयासों को मजबूत करेंगे*

**नौसेना को राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनाएंगे**

### नौसेना समुद्री हित और रक्षा पर खरा उतरेगी

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत सेवा बनाने का रहेगा। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि भारतीय नौसेना कभी भी, कहीं भी, कैसे भी हमारे देश के समुद्री हित और समुद्री रक्षा दोनों पर हरदम खरी उतरे। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपकी नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए आपके साथ खड़ी है।

### नौसेना हर समय तैयार रहे

त्रिपाठी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा।

### मानव संसाधन का कौशल विकास करेंगे

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास करने की होगी जो हमारी नौसेना के पुरुष और महिला कर्मी हैं। मेरी प्राथमिकता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शस्त्र, प्रशिक्षण, पेशेवर माहौल और प्रशासनिक समर्थन देने की होगी।

## कई देशों में मोदी के समर्थन में हो रहे कार्यक्रम और हवन-जाप

# भाजपा की जीत के लिए रैलियों के अलावा हनुमान चालीसा और मंत्रों का हो रहा जाप

एजेंसी ▶▶ पोर्ट ऑफ स्पेन

- *त्रिनिदाद और टोबैगो में 15 हजार भारतीयों ने हनुमान चालीसा का जाप*
- *न्यू जर्सी अमेरिका में सुदर्शन मंत्र का जाप किया*
- *जर्मनी के बर्लिन में ब्रैडेनबर्ग टोर और म्यूनिख में निकाली कार रैली*

भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार विदेशी सरजमीं तक भी देखा जा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों में पीएम मोदी के समर्थन में कार्यक्रम हो रहे हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय उच्चायुक्त प्रदीप राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में करीब 15 हजार प्रवासी भारतीयों ने हनुमान चालीसा का जाप किया। अमेरिका में पीएम मोदी और भाजपा की प्रचंड जीत की कामना करते हुए ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी, यूएसए के स्वयंसेवकों ने हवन का आयोजन किया। संगठन के अध्यक्ष अदापा प्रसाद और महासचिव वासुदेव पटेल ने नेतृत्व किया। न्यू जर्सी के शिव विष्णु मंदिर, साईं दत्त पीठम में आयोजित समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने सुदर्शन मंत्र का जाप किया।

ब्रिटेन में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के महासचिव सुरेश मंगलगिरी ने बताया कि लंदन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। फ्लैश मॉब कार्यक्रम वेस्टमिंस्टर पियर से शुरू हुआ और टॉवर ब्रिज पर खत्म हुआ। हाथ में भारत और भाजपा के झंडे लिए निकले लोगों ने लंदन की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे लगाए। वहीं हर हर मोदी, घर घर मोदी, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाए। प्रवासी मित्र भाजपा जर्मनी के सह-संयोजक सुनील सिंह ने जर्मनी के बर्लिन में ब्रैडेनबर्ग टोर व म्यूनिख में प्रसिद्ध फुटबॉल एरेना में प्रवासी भारतीय एकजुट हुए और कार रैली आयोजित की।



ब्रिटेन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम



## लंदन में युवक ने तलवार से किया हमला

# 13 साल के लड़के की मौत 2 पुलिसकर्मी समेत 4 घायल



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 पुलिस अधिकारी शामिल है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।ुलिस ने बताया कि लोकल समय के मुताबिक सुबह 7:00 बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है।

### सड़कों और स्टेशन को बंद किया

हैनॉल्टके डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर एड एडेल्कन ने कहा है कि घटना के कारण इलाके के कई लोग हैरान है। लोग हमले के बारे में जानना चाहते हैं। हम जल्द से जल्द लोगों को हमले की जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हालांकि हमें नहीं लगता है कि हमला आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। हमले के बाद पुलिस ने आसपास की सड़कों और हैनॉल्ट के ट्यूब स्टेशन को बंद कर दिया है। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा है कि उन्हें हमले की जानकारी से बेहद दुख हुआ।

## पन्नू मामले पर विदेश मंत्रालय का पलटवार

# इस गंभीर मामले में 'अवांछित और निराधार' आरोप लगाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका अखबार की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में 'अवांछित और निराधार' आरोप लगाए गए हैं। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पन्नू की कथित





हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है।

### काल्पनिक टिप्पणियों की जरूरत नहीं

रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सात दिसंबर को संसद में कहा था कि भारत ने इस मामले में अमेरिका से प्राप्त सूचना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है क्योंकि इस मामले से देश के राष्ट्रीय हित भी जुड़े हैं। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में भारत सरकार के एक अधिकारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था।

### भारत इसे गंभीरता से ले रहा है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे ने भारत सिख



अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। ज्यां-पियरे ने कहा कि जांच की जा रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109